संस्थापक- संपादक
स्व. आर. एस. शुक्ला

e-paper
dainandini.in

दैनिक दैनन्दिनी

ॐ


■ वर्ष -17 ■ अंक-157 ■ रायपुर, बुधवार 04 नवंबर 2026 ■ रायपुर और बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित ■ CHHHIN/2010/34274 पृष्ठ 8 ■ मूल्य-2.00 रुपये

आज का पंचांग



तिथि : दशमी
नक्षत्र : पूर्वाफाल्गुनी
प्रथम करण : विष्टि
द्वितीय करण : बव
पक्ष : कृष्ण
वार : बुधवार
योग : ब्रह्म
सूर्योदय : 06:36
सूर्यास्त : 17:33
चंद्रमा : सिंह राशि में
राहुकाल : 12:04 –1:26
विक्रमी संवत् : 2083
शक संवत : 1948
मास : कार्तिक
शुभ मुहूर्त अभिजीत : कोई नहीं है।

भूपेश बघेल को सुप्रीम कोर्ट से झटका, चुनाव याचिका पर दायर अर्जी खारिज



नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की वह याचिका खारिज कर दी है जिसमें उन्होंने पाटन चुनाव याचिका पर प्रारंभिक मुद्दा तय करने की मांग की थी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई में अनावश्यक देरी पर नाराजगी जताई और हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की वह नयी याचिका खारिज कर दी, जिसमें उन्होंने पाटन विधानसभा क्षेत्र से 2023 में उनके निर्वाचन के खिलाफ दायर चुनाव याचिका की विचारणीयता पर कोई प्रारंभिक मुद्दा तय करने से इनकार करने संबंधी उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी। शीर्ष अदालत ने 28 सितंबर को पूर्व मुख्यमंत्री की उस याचिका में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था, जिसमें उन्होंने 2023 में उनके निर्वाचन के खिलाफ भाजपा नेता विजय बघेल द्वारा दायर चुनाव याचिका को चुनौती दी थी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची एवं न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने सुनवाई में देरी करने की कोशिशों पर मंगलवार को नाराजगी जताई।

राजनाथ सिंह बोले रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बाहरी निर्भरता रोकने के लिए जरूरी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत के 'आत्मनिर्भरता' के प्रयास को प्रौद्योगिकीय संप्रभुता हासिल करने के उपक्रम के रूप में समझना चाहिए। सिंह ने जोर देकर कहा कि आत्मनिर्भरता का अर्थ यह सुनिश्चित करना है कि रक्षा क्षेत्र की महत्वपूर्ण जरूरतें बाहरी निर्भरता की बंधक न बनें। यहां एक 'थिंक टैंक' द्वारा आयोजित 'दिल्ली डिफेंस डायलॉग' को संबोधित करते हुए सिंह ने युद्ध में प्रौद्योगिकी के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में सैन्य तैयारियों को प्रौद्योगिकीय तैयारियों से अलग करके नहीं देखा जा सकता। उन्होंने कहा, ''वर्ष 2047 को ध्यान में रखते हुए रक्षा क्षेत्र में हमारा लक्ष्य महत्वाकांक्षी होना चाहिए।'' रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि आज पारंपरिक और गैर-पारंपरिक युद्ध के बीच का अंतर लगातार धुंधला होता जा रहा है।

'People for Peepal' अभियान से पर्यावरण संरक्षण में बढ़ेगी जनभागीदारी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नवा रायपुर में किया विकसित भारत संकल्प पार्क का लोकार्पण

रायपुर ■ दैनन्दिनी



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर-16 में विकसित भारत संकल्प पार्क का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा उपस्थित थे। केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने पार्क परिसर में पीपल का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य का संदेश भी दिया।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को चिरस्थायी बनाने और भावी पीढ़ियों तक राष्ट्र निर्माण का संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प पार्क का निर्माण किया गया है। यह पार्क विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत की परिकल्पना का प्रतीक होने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश भी देगा।

नवा रायपुर को हरित, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल आधुनिक शहर के रूप में विकसित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है।

लगभग 16 एकड़ क्षेत्र में विकसित इस पार्क में अब तक 2,500 से अधिक पीपल और 500 से अधिक स्थानीय प्रजातियों के पौधे लगाए गए हैं। यह पार्क नवा रायपुर को 'पीपल सिटी' के रूप में नई पहचान दिलाने के साथ ही शहर की हरियाली और पर्यावरणीय संतुलन को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, वन मंत्री श्री केदार कश्यप तथा कौशल विकास मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

नवा रायपुर को हरित और पर्यावरण अनुकूल शहर के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से 'People for Peepal' अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य केवल पौधरोपण करना नहीं, बल्कि नागरिकों को पौधों के संरक्षण, संवर्धन और नियमित देखभाल से जोड़कर पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देना है।

इसी पहल के अंतर्गत विकसित भारत संकल्प पार्क को पर्यावरण संरक्षण, जनभागीदारी और सतत विकास के केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। भारतीय संस्कृति में पीपल के वृक्ष का विशेष आध्यात्मिक और पर्यावरणीय महत्व है। इस अभियान के माध्यम से पीपल के प्रति जनआस्था को प्रकृति संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता से जोड़ा जा रहा है।

आधुनिक तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की ओर तेजी से बढ़ रहा भारत : जी. किशन रेड्डी

एनआईटी रायपुर में सात अत्याधुनिक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का केंद्रीय मंत्री ने किया उद्घाटन

रायपुर ■ दैनन्दिनी



केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी ने आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर में सात अत्याधुनिक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, महत्वपूर्ण खनिज, अंतरिक्ष अनुसंधान, एयरोस्पेस तकनीक, ग्रामीण एवं जनजातीय स्वास्थ्य, कंप्यूटेशनल मैकेनिक्स तथा नैनोसाइंस और सतत ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में स्थापित ये केंद्र छत्तीसगढ़ को वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी नवाचार और उद्यमिता के नए केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आधुनिक तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अपनी सशक्त पहचान स्थापित कर रहा है। देश में अनुसंधान, तकनीकी विकास और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की निर्णायक भूमिका होगी तथा देश की युवा प्रतिभाएं इस परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति बनेंगी। केंद्रीय मंत्री श्री रेड्डी ने कहा कि आज दुनिया तेजी से तकनीकी परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल भविष्य की तकनीक नहीं, बल्कि वर्तमान में शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, कृषि, प्रशासन और अर्थव्यवस्था में व्यापक परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम बन चुकी है। ऐसे समय में युवाओं को नई तकनीकों से जोड़ना, उन्हें विश्वस्तरीय अनुसंधान सुविधाएं उपलब्ध कराना और नवाचार के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में अनुसंधान और नवाचार की नई संस्कृति विकसित हो रही है। भारत अब केवल आधुनिक तकनीकों का उपयोग करने वाला देश नहीं, बल्कि नई तकनीकों और अनुसंधान आधारित समाधानों के विकास में अग्रणी भूमिका निभाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। एनआईटी रायपुर में सात सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना इसी व्यापक राष्ट्रीय संकल्प का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

श्री रेड्डी ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्राकृतिक संसाधनों, समृद्ध खनिज संपदा और प्रतिभाशाली युवाओं का प्रदेश है। यहां वैज्ञानिक अनुसंधान और अत्याधुनिक तकनीकों के विस्तार की अपार संभावनाएं हैं। केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से छत्तीसगढ़ को आधुनिक तकनीक, अनुसंधान और नवाचार के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने विशेष रूप से महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में अनुसंधान की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि आधुनिक उद्योगों, स्वच्छ ऊर्जा, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और उन्नत प्रौद्योगिकियों के विकास में महत्वपूर्ण खनिजों की भूमिका लगातार बढ़ रही है।

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 36 विभूतियों और संस्थाओं को राज्य अलंकरण से किया सम्मानित



रायपुर ■ दैनन्दिनी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नवा रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2026 के समापन समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों एवं संस्थाओं को प्रतिष्ठित राज्य अलंकरण पुरस्कारों से सम्मानित किया। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 26वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित इस समारोह में साहित्य, कला, संस्कृति, पत्रकारिता, खेल, कृषि, समाजसेवा, जनजातीय उत्थान, महिला सशक्तिकरण, सहकारिता, श्रम, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मान प्रदान किया गया।

राज्य अलंकरण से सम्मानित विभूतियों एवं संस्थाओं का विवरण

शहीद वीरनारायण सिंह स्मृति सम्मान आदिवासी सामाजिक चेतना तथा उनके उत्थान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए धमतरी जिले के डुमन लाल ध्रुव को प्रदान किया गया।

यति यतनलाल सम्मान अहिंसा एवं गोरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए दुर्ग जिले के विश्व गीता धेनू गोविन्द पक्षी सेवा धाम, कुम्हारी को प्रदान किया गया।

गुण्डाधूर सम्मान खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कोरबा जिले की संजू देवी को प्रदान किया गया।

मिनीमाता सम्मान महिला उत्थान एवं जनजागृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए लोक आस्था सेवा संस्थान, गरियाबंद (लता नेताम) को प्रदान किया गया। गुरु घासीदास सामाजिक चेतना एवं अनुसूचित जाति उत्थान सम्मान सामाजिक चेतना एवं दलित उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए कबीरधाम जिले के सुखचंद भास्कर को प्रदान किया गया।

ठाकुर प्यारेलाल सिंह पुरस्कार सहकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए बस्तर जिले की प्राथमिक कुडुक मछुवा सहकारी समिति मर्यादित, चित्रकोट (धनसिंह बघेल) को प्रदान किया गया।

हबीब तनवीर सम्मान समकालीन रंगकर्म, छत्तीसगढ़ी, हिन्दी एवं अन्य भाषा नाटकों के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए रायपुर जिले के डॉ. पुरुषोत्तम चन्द्राकर को प्रदान किया गया।

महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन, विशेष रूप से तीरंदाजी के लिए बालोद जिले के टोमन कुमार को प्रदान किया गया।

चक्रवात 'मुरसु' का असर : कई राज्यों में तेज हवाओं के साथ हो रही बारिश



विजयवाड़ा ■ एजेंसी

चक्रवात 'मुरसु' का असर तटीय इलाकों में देखने को मिल रहा है। इस वजह से विजयवाड़ा के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई, जिससे सड़कें जलमग्न हो गईं और कई इलाकों में आवाजाही बाधित हो गई। सोमवार देर रात शुरू हुई बारिश मंगलवार तड़के तक जारी रही, जिससे शहर के कई हिस्से पानी में डूब गए। लगातार बारिश के कारण बंदर रोड और पॉलीक्लिनिक रोड सहित कई मुख्य सड़कों और 'वन टाउन' के कई इलाकों में जलभराव हो गया, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

दक्षिण आंध्र प्रदेश के तट पर भीषण चक्रवाती तूफान 'मुरसु' के लैंडफॉल की प्रक्रिया जारी है। भारतीय मौसम विभाग (IMD) ने अपने ताजा अपडेट में बताया कि चक्रवात के 'वॉल क्लाउड' का एक बड़ा हिस्सा जमीन पर पहुंच चुका है और इसका 'आई' (केंद्र) तट की ओर बढ़ रहा है। यह तूफान नेल्लोर और नरसापुर के बीच, ओंगोल के पास तट से टकरा रहा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि तट से टकराते समय हवा की गति 100-110 किमी प्रति घंटा रहेगी।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने किया आर्टेमिस शांति हॉस्पिटल का लोकार्पण

रायपुर ■ दैनन्दिनी



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को रायपुर के देवेंद्र नगर, पंडरी स्थित आर्टेमिस शांति हॉस्पिटल का लोकार्पण किया। गुरुग्राम स्थित प्रतिष्ठित आर्टेमिस हॉस्पिटल्स के विस्तार के रूप में स्थापित यह नया सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल छत्तीसगढ़ सहित मध्य भारत के लोगों को आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं और उन्नत उपचार सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

इस गरिमामय समारोह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल तथा रायपुर नगर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा सहित अनेक गणमान्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

समारोह में आर्टेमिस हॉस्पिटल्स एवं अपोलो टायर्स लिमिटेड के चेयरमैन ओंकार एस. कंवर, आर्टेमिस हॉस्पिटल्स की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. देवलीना चक्रवर्ती तथा आर्टेमिस शांति हॉस्पिटल्स के डायरेक्टर डॉ. कमलेश अग्रवाल सहित वरिष्ठ चिकित्सक, अस्पताल के अधिकारी एवं शहर के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

आर्टेमिस शांति हॉस्पिटल का उद्देश्य छत्तीसगढ़ और मध्य भारत के मरीजों को एक ही छत के नीचे विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

पीएम मोदी ने पुणे मेट्रो पिंक लिंक का उद्घाटन किया

कहा- 12 साल में नेटवर्क 1200 किमी पहुंचा

पुणे (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में 248 किलोमीटर लंबा मेट्रो नेटवर्क परिचालन में था जबकि अब यह बढ़कर 1,200 किलोमीटर हो गया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बेहतर शहरी बुनियादी ढांचा देश की आर्थिक वृद्धि को तेज करेगा। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पुणे मेट्रो लाइन 3 (पिंक लाइन) का उद्घाटन करते हुए मोदी ने कहा, ''जब देश ने 2014 में राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) को सेवा करने का मौका दिया तो हमने शहरों में रहने वाले मध्यम वर्ग के लिए जीवन को आसान बनाने और परिवहन को सुगम बनाने के संकल्प के साथ काम शुरू किया।'' मोदी ने दूसरे चरण के तहत चार नए मेट्रो कॉरिडोर की आधारशिला भी रखी जिसमें कुल लगभग 21,800 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है।



उन्होंने 23 किलोमीटर लंबी 'पिंक लाइन' का उद्घाटन किया जिसे 8,300 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया है। यह कॉरिडोर हिंजवाडी आईटी हब को डिस्ट्रिक्ट कोर्ट मेट्रो स्टेशन से जोड़ेगा। इससे हजारों आईटी पेशेवरों को रोजाना आवागमन में सुविधा मिलने, यातायात जाम कम होने और निजी वाहनों पर निर्भरता घटने की उम्मीद है।

पिंक लाइन का संचालन महिला ऑपरेटरों द्वारा किया जाएगा। इसकी बिजली की लगभग 30 प्रतिशत जरूरतें सौर ऊर्जा से पूरी की जाएंगी। मोदी ने पुणे मेट्रो के फेज-2 की भी आधारशिला रखी जिसकी अनुमानित लागत लगभग 13,500 करोड़ रुपये है।

दर्दनाक सड़क हादसे में महिला की मौत
मंदिर से बाहर निकलते ही ट्रक ने कुचला

रायपुर। राजधानी रायपुर में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है, जहां बंजारी मंदिर में दर्शन कर बाहर निकली महिला को ट्रक ने रौंद दिया। इस घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। वहीं ट्रक को छोड़कर चालक फरार हो गया है, जिसकी तलाश में पुलिस जुट गई है।यह हादसा खमतराई थाना क्षेत्र में हुई है। मृतका की पहचान 60 वर्षीय अघनिया बाई निषाद के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि आज वह अपनी बेटी, दामाद, नाती और नातिन के साथ बंजारी मंदिर में दर्शन करने आई थी। बंजारी मंदिर से जब सभी दर्शन कर बाहर निकले, तो ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में अघनिया बाई की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं परिवार के बाकी सदस्य बाल-बाल बच गए।

वहीं घटना के बाद ट्रक छोड़कर चालक फरार हो गया। घटना की सूचना के बाद खमतराई पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसी के साथ ही ट्रक को जब्त कर लिया और चालक की तलाश शुरु कर दी है।


पहली शादी टूटने के बाद फिर प्यार में रिमी टॉमी, 18 साल बाद दोबारा बनेंगी दुल्हन, तलाक के 6 साल बाद चुना नया हमसफर

मुंबई (एजेंसी)। मलयालम सिनेमा और म्यूजिक इंडस्ट्री की मशहूर प्लेबैक सिंगर और टीवी होस्ट रिमी टॉमी की जिंदगी में एक बार फिर प्यार ने दस्तक दी है। पहली शादी टूटने के करीब छह साल बाद रिमी दूसरी बार शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। खास बात यह है कि इस खुशखबरी का खुलासा खुद सिंगर ने अपने यूट्यूब चैनल पर शेयर किए गए व्लॉग के जरिए किया है। पहले वीडियो में उन्होंने अपनी जिंदगी में नए जीवनसाथी के आने की जानकारी दी थी, वहीं अब एक दूसरे वीडियो में उन्होंने अपने होने वाले पति का नाम और उनके बारे में भी बताया है। रिमी के इस ऐलान के बाद उनके फैंस उन्हें नई शुरुआत के लिए बधाइयां दे रहे हैं।

रिमी टॉमी ने अपने व्लॉग में बताया कि वह हमेशा से अकेले घूमना और अपनी जिंदगी अपने तरीके से जीना पसंद करती रही हैं। उनका परिवार हमेशा उनके साथ खड़ा रहा, लेकिन उन्हें कहीं न कहीं एक ऐसे साथी की कमी महसूस होती थी, जिसके साथ वह अपनी जिंदगी के सुख-दुख बांट सकें। सिंगर ने बताया कि साल 2026 में उनकी जिंदगी में एक खास शख्स की एंट्री हुई और कुछ ही समय में दोनों एक-दूसरे को अच्छी तरह समझने लगे। रिमी के मुताबिक, उन्हें इस रिश्ते में सबसे ज्यादा सुकून और मानसिक शांति महसूस हुई। उन्होंने इसे भगवान का दिया हुआ तोहफा बताया और कहा कि वह अपनी जिंदगी की नई शुरुआत को लेकर काफी उत्साहित हैं।

कौन हैं रिमी टॉमी के होने वाले पति लिबिन मैथ्यू?

शुरुआत में रिमी ने अपने होने वाले जीवनसाथी की पहचान उजागर नहीं की थी, लेकिन 2 नवंबर को शेयर किए गए एक नए वीडियो में उन्होंने उनके नाम का खुलासा कर दिया। रिमी के होने वाले पति का नाम लिबिन मैथ्यू है, जो मुंबई में रहते हैं और बॉडीबिल्डर के साथ-साथ फिटनेस ट्रेनर भी हैं। लिबिन मूल रूप से मलयाली हैं और पिछले कुछ महीनों से रिमी के फिटनेस कोच



के रूप में काम कर रहे हैं। इसी दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और उन्होंने एक-दूसरे के साथ जिंदगी बिताने का फैसला किया।

रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों इसी नवंबर में डोंबिवली के एक चर्च में शादी करने जा रहे हैं। हालांकि, शादी की सटीक तारीख को लेकर अभी विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है।

पैसे और शोहरत नहीं सुकून को दी प्राथमिकता

अपने व्लॉग में रिमी ने यह भी साफ किया कि उनके होने वाले पति न तो अभिनेता हैं, न गायक और न ही कोई मशहूर हस्ती या करोड़पति। उनके लिए जीवनसाथी चुनने का आधार पैसा और लोकप्रियता नहीं, बल्कि आपसी समझ और मानसिक शांति है।

सिंगर ने कहा कि किसी रिश्ते में एक-दूसरे को समझना, खुलकर अपनी बातें साझा कर पाना और साथ मिलकर व्यक्तिगत व पेशेवर जिंदगी में आगे बढ़ना जरूरी है। उन्होंने बताया कि लिबिन के साथ उन्हें वह अपनापन और सुकून मिला, जिसकी उन्हें तलाश थी। रिमी ने अपने फैंस से इस नए सफर के लिए प्यार और आशीर्वाद देने की अपील भी की है।

फिल्म इट्लू अर्जुन से अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रहे अनीश, 13 नवंबर को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

मुंबई (एजेंसी)। नए कलाकार अनीश तेलुगु फिल्म 'इट्लू अर्जुन के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। फिल्म में अभिनेत्री अनस्वरा राजन मुख्य भूमिका में नजर आएंगी, जबकि इसका निर्देशन महेश उप्पाला कर रहे हैं। निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए इसकी प्रदर्शन तिथि की घोषणा की है। यह फिल्म 13 नवंबर 2026 को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

फिल्म का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। नए पोस्टर के माध्यम से रिलीज की तारीख सामने आने के बाद दर्शकों के बीच इसे लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। फिल्म में अनीश एक ऐसे युवक की भूमिका निभा रहे हैं, जो न तो बोल सकता है और न ही सुन सकता है। इस चुनौतीपूर्ण किरदार के जरिए वह अपनी अभिनय क्षमता दिखाने की कोशिश करेंगे।

'इट्लू अर्जुन का निर्माण जाने-माने फिल्म निर्माता वेंकी कुडुमुला अपने निर्माण संस्थान 'व्हाट नेक्स्ट एंटरटेनमेंट्स के बैनर तले कर रहे हैं। फिल्म को अभिनेता नागार्जुन प्रस्तुत कर रहे हैं। राजा महेंद्रन ने इसकी छायांकन की जिम्मेदारी संभाली है, जबकि संगीत थमन ने तैयार किया है।

फिल्म की कहानी, कलाकारों की भूमिकाओं और नए कलाकार अनीश के अभिनय को लेकर दर्शकों में उत्सुकता बनी हुई है। नागार्जुन के फिल्म प्रस्तुत करने और अनुभवी निर्माण टीम के जुड़ने से इस परियोजना को लेकर उम्मीदें बढ़ गई हैं।

कंगना रनौत पर राणा दग्गुबाती का अगला दांव, स्केरी पिक्चर का किया ऐलान



मुंबई (एजेंसी)। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत और दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता एवं फिल्म निर्माता राणा दग्गुबाती एक नई फिल्म के लिए साथ आए हैं। राणा दग्गुबाती बतौर निर्माता भूतिया फिल्म 'स्केरी पिक्चर बना रहे हैं, जिसमें कंगना रनौत मुख्य भूमिका निभाएंगी। फिल्म का निर्देशन तेलुगु सिनेमा के अभिनेता और फिल्म निर्माता रवि बाबू करेंगे। यह उनकी पहली हिंदी फीचर फिल्म होगी।

फिल्म की घोषणा हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित 'हॉररकॉन इंडिया 2026 के दौरान की गई। कार्यक्रम में राणा दग्गुबाती ने बताया कि यह एक भूतिया फिल्म है, जिसे उनके मित्र रवि बाबू निर्देशित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रवि बाबू तेलुगु भाषा में कई भूतिया फिल्मों का निर्माण और निर्देशन कर चुके हैं। अब वह पहली बार हिंदी फीचर फिल्म लेकर आ रहे हैं। राणा ने यह भी बताया कि फिल्म के शीर्षक की घोषणा सबसे पहले इसी मंच से की जा रही है।

अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपने इंस्टाग्राम खाते पर राणा दग्गुबाती का वीडियो साझा कर फिल्म से जुड़ने की पुष्टि की। इसके साथ ही फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ गई है। 'स्केरी पिक्चर में कंगना मुख्य भूमिका निभाएंगी, जबकि राणा दग्गुबाती निर्माण की जिम्मेदारी संभालेंगे। फिल्म की कहानी और अन्य कलाकारों को लेकर फिलहाल विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है।

सूर्या की फिल्म 'सीन का रोमांचक ट्रेलर जारी 6 नवंबर को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

मुंबई (एजेंसी)। दक्षिण भारतीय फिल्मों के लोकप्रिय अभिनेता सूर्या की आगामी फिल्म 'सीन का ट्रेलर जारी हो गया है। ट्रेलर सामने आते ही प्रशंसकों के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। 'रोमांचम और 'आवेशम जैसी फिल्मों के लिए चर्चित निर्देशक जितु माधवन ने इस फिल्म को एक्शन, रहस्य और हास्य के मिश्रण के रूप में तैयार किया है। ट्रेलर में सूर्या का नया अंदाज और कहानी की दिलचस्प झलक देखने को मिल रही है।

फिल्म में सूर्या पुलिस अधिकारी 'इनबराज की भूमिका निभा रहे हैं, जो अपनी नौकरी छोड़ने का फैसला करता है। उसके वरिष्ठ अधिकारी और सहकर्मी उसे वापस लाने की कई कोशिशें करते हैं, लेकिन वह अपने फैसले पर अडिग रहता है। इसी बीच उसकी जिंदगी में नया मोड़ आता है, जब अभिनेत्री नाज़रिया द्वारा निभाया गया 'माया का किरदार घरेलू



सहायिका के रूप में उसके जीवन में प्रवेश करता है।

फिल्म की कहानी में मुख्य मोड़ तब आता है, जब पुलिस के सामने 'ईश्वरन नाम के एक बेहद तेज दिमाग वाले व्यक्ति की चुनौती खड़ी होती है। ईश्वरन की भूमिका नास्लेन ने निभाई है। पुलिस को उसका मुकाबला करने के लिए एक योग्य अधिकारी की जरूरत पड़ती है। ऐसे में नौकरी छोड़ चुके इनबराज को दोबारा जिम्मेदारी संभालने के लिए बुलाया जाता है।

ट्रेलर में सूर्या के साथ नाज़रिया भी एक्शन करती नजर आ रही हैं। वहीं, कहानी में हास्य के कई प्रसंग भी देखने को मिलेंगे। फिल्म में लाल, आनंदराज सहित कई अन्य कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

फिल्म का संगीत सुशिन श्याम ने तैयार किया है। तमिल सिनेमा में संगीतकार के तौर पर यह उनकी पहली फिल्म है। 'सीन का निर्माण सूर्या और ज्योतिका ने किया है। फिल्म 6 नवंबर 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी।

'करुप्पु और 'विश्वनाथ एंड संस के बाद सूर्या की इस फिल्म से भी प्रशंसकों को काफी उम्मीदें हैं। दर्शकों को उम्मीद है कि 'सीन के जरिए अभिनेता लगातार तीसरी सफलता हासिल कर सकते हैं।

सेहत

ज्यादा खाने के बाद पाचन स्वास्थ्य को आराम देने के लिए अपनाएं ये सुझाव

कई लोग एक दिन में ज्यादा खाने के बाद असहज महसूस करते हैं और उनके पाचन पर भी असर पड़ता है। ज्यादा खाना पाचन प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है और इससे बचाव के लिए खुद को नियंत्रित करना चाहिए। इससे न केवल आपका मनोबल बढ़ेगा, बल्कि आप फिर से सही दिशा में कदम उठाने के लिए प्रेरित होंगे। आइए जानते हैं कि ज्यादा खाने के बाद पाचन को कैसे बहाल किया जा सकता है।

हल्का-फुल्का व्यायाम करें

ज्यादा खाने के बाद हल्का-फुल्का व्यायाम करना बेहतर होता है। इससे आपका पाचन तंत्र सक्रिय हो सकता है और अतिरिक्त कैलोरी जल सकती हैं।

आप टहल सकते हैं या फिर कुछ हल्के खिंचाव वाले व्यायाम कर सकते हैं। इससे आपका शरीर सक्रिय रहेगा और आपको आराम महसूस होगा।

इसके अलावा हल्के व्यायाम से आपका मन भी अच्छा रहेगा और आप फिर से सही दिशा में कदम उठाने के लिए प्रेरित होंगे।

पानी अधिक पिएं

ज्यादा खाने के बाद पानी पीना बहुत जरूरी है। पानी पीने से आपके शरीर से हानिकारक तत्व बाहर निकलते हैं और पाचन प्रक्रिया को आराम मिलता है।

आप नारियल पानी या नींबू पानी भी पी सकते हैं, जो आपके शरीर को पोषण देता है और पानी की कमी नहीं होने देता। इसके अलावा पानी पीने से आपको ऊर्जा मिलती है और आप तरोताजा महसूस करते हैं।

यह आपके शरीर को ठंडक भी पहुंचाता है।

हल्का भोजन करें

ज्यादा खाने के बाद अगले दिन हल्का भोजन करना बेहतर होता है। आप दही, खिचड़ी या सूप जैसी चीजें खा सकते हैं, जो आसानी से पच जाती हैं और आपके शरीर को पोषण देती हैं।

इससे आपका पाचन तंत्र भी आराम करेगा और आपको भारीपन महसूस नहीं होगा। हल्का भोजन खाने से आप तरोताजा महसूस करेंगे और शरीर को ऊर्जा मिलेगी।

इसके अलावा हल्का भोजन आपके शरीर को हानिकारक तत्वों से मुक्त करने में मदद करेगा।

आराम करें

ज्यादा खाने के बाद आराम करना बहुत जरूरी है। इससे आपका शरीर फिर से ऊर्जा प्राप्त कर सकता है और मानसिक शांति भी मिलती है।

आप सो सकते हैं या फिर कुछ देर के लिए चुपचाप बैठ सकते हैं और गहरी सांस ले सकते हैं, जिससे आपका मन शांत रहेगा और आप तरोताजा महसूस करेंगे।

आराम करने से आपके शरीर को ऊर्जा मिलेगी और आप फिर से सक्रिय होने के लिए प्रेरित होंगे।

डायबिटीज में क्या खाना सही और किससे करना चाहिए परहेज?

डायबिटीज के मरीजों के लिए खानपान का खास ध्यान रखना बेहद जरूरी है, क्योंकि खाने-पीने की चीजें ब्लड शुगर के स्तर को प्रभावित कर सकती हैं। ऐस में अक्सर इसके मरीजों के मन में सवाल रहता है कि डायबिटीज होने पर कौन-से फूड्स खाना फायदेमंद है और किन चीजों से परहेज करना चाहिए। डॉक्टर सलीम ज़ैदी ने अलग-अलग फूड्स को रैंकिंग दी है और बताया है कि डायबिटीज में कौन-से विकल्प बेहतर हैं और किन चीजों को सीमित मात्रा में खाना चाहिए।

अंडा और पनीर: अंडा और पनीर खाने से शुगर बिल्कुल भी नहीं बढ़ता है डॉक्टर सलीम ने इन फूड्स को दस में से दस नंबर दिए हैं।

दही: डॉक्टर सलीम कहते हैं कि दही में मौजूद प्रोटीन और फैट शुगर एब्ज़ोर्प्शन को स्लो करते हैं इसलिए उन्होंने उसे दस में से आठ नंबर दिए हैं।

ओट्स: डॉक्टर सलीम के मुताबिक, ओट्स भी डायबिटीज में बेहद फायदेमंद माना जाता है। लेकिन, अगर आप फ्लेवर वाले या इंस्टेंट ओट्स का सेवन करते हैं तो फायदे की जगह आपको नुकसान हो सकता है। इसलिए वो ज़्यादा फायदे के लिए प्लेन ओट्स के सेवन की सलाह देते हैं।



केला और गेहूं की रोटी : केला वैसे तो हेल्दी फल है लेकिन शुगर के मरीजों के लिए इसका सेवन ज़्यादा फायदेमंद नहीं है क्योंकि यह ब्लड शुगर को बढ़ा सकता है। वहीं, गेहूं की रोटी भी चावल से ज़्यादा फायदेमंद है लेकिन ये भी आपके ब्लड शुगर को बढ़ा सकती है। डॉक्टर सलीम ने दोनों फूड्स को दस में से पांच नंबर दिया है।

ब्राउन ब्रेड: डॉक्टर सलीम ज़ैदी कहते हैं कि ब्राऊन ब्रेड ज़्यादातर रिफाइंड आटा यानी मैदे से ही बनाया जाता है। इसमें ब्राउन कलर मिलाया जाता है जो तेजी से आपके शुगर को स्पाइक कर सकता है।

इन चीजों से दूर ही रहें गठिया के मरीज

गठिया एक ऐसी बीमारी है जिसमें इम्यून सिस्टम कमजोर होने लगता है। इसमें शरीर के टिशूज और हड्डियां समय के साथ तेजी से खराब होने लगते हैं। सिर्फ इतना ही नहीं यह ऐसी बीमारी है जिसमें हड्डियों के जोड़ में तेजी से दर्द होने लगता है और उसके आसपास के एरिया में सूजन आ जाती है। अगर आप भी गठिया के गंभीर बीमारी से जूझ रहे है तो इन फूड आइटम को भूल से भी न खाएं। सर्दियों में यह समस्या और भी ज्यादा बढ़ सकती है।

संतरा

सर्दियों में संतरा खूब खाया जाता है लेकिन अगर आपको गठिया की बीमारी है तो आपको इस फल से परहेज करना चाहिए। क्योंकि संतरा में विटामिन सी होता है जो हड्डियों को काफी ज्यादा नुकसान पहुंचाता है। सिर्फ इतना ही नहीं हड्डियों में जमा कैल्शियम की परत को भी हटाने लगता है जिसके कारण हड्डियां कमजोर हो जाती है और गठिया का दर्द बढने लगता है।

बैंगन

गठिया के मरीज को बैंगन खाने से बचना चाहिए क्योंकि यह नाइटशेड वेजिटेबल है जिससे हड्डियों को काफी ज्यादा नुकसान होता है। नाइटशेड सब्जियों में सोलानिन नाम का कंपाउंड होता है जो हड्डियों को सूजन को बढ़ाता है और स्थिति को और भी गंभीर कर सकता है। गठिया के मरीजों को बैंगन खाने से बचना चाहिए क्योंकि इससे हड्डियों को काफी ज्यादा नुकसान होता है और इससे हड्डियां कमजोर भी होने लगती हैं।

कॉफी

सर्दियों में ज्यादातर लोग कॉफी खूब पीते हैं। कॉफी में कैफीन की मात्रा कॉफी अधिक होती है जो गठिया की बीमारी को बढ़ा सकता है। सिर्फ इतना ही नहीं यह हड्डियों को कॉफी ज्यादा नुकसान पहुंचाता है। जिसके कारण जोड़ों में भयंकर दर्द होता है।

सर्दियों में इन चीजों से परहेज करना चाहिए। कैल्शियम से भरपूर एंटी इंफ्लेमेटरी फूड्स कम से कम खाना चाहिए जो शरीर में सूजन को कम करें और गर्म रखे।

अचानक से बदलने लगा मौसम का मिजाज? इन 5 तरीकों से खुद को रखें स्वस्थ

मौसम कभी भी अपना मिजाज बदल सकता है, खासकर अक्टूबर के महीने में, जब बारिश हो रही है और गर्मी-सर्दी पड़ रही है। इस दौरान अचानक से बारिश और ठंड बढ़ जाती है, जो स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकती है। ऐसे में खुद को इन बदलावों के लिए तैयार रखना जरूरी है। आइए आज हम आपको इसके लिए 5 आसान तरीके बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप खुद को स्वस्थ बनाए रख सकते हैं।

सही कपड़े पहनें

अचानक से हो रही बारिश और ठंड से बचने के लिए सही कपड़े पहनना सबसे जरूरी है। हल्के और पानी से बचाने वाले कपड़े चुनें, जैसे कि बरसाती या जैकेट।

इसके अलावा ऊनी शॉल या स्कार्फ भी पहन सकते हैं, जो आपको गर्म रखेगा। सूती कपड़े भी अच्छे होते हैं, क्योंकि ये त्वचा को हवा लगने देते हैं और पसीना सोखते हैं।

इसके साथ ही मोजे और टोपी भी पहनें, ताकि शरीर का तापमान संतुलित रहे।



छाता साथ रखें

जब मौसम खराब हो तो घर से बाहर निकलते समय छाता या बारिश से बचाने वाला रेनकोट साथ रखें। इससे आप बारिश से बच सकेंगे और गीले होने से बचेंगे।

अगर आप कहीं लंबी यात्रा कर रहे हैं तो बारिश से बचाने वाला बैग ज्यादा सुविधाजनक हो सकता है, क्योंकि इसे ले जाना आसान होता है और इसमें आपके सभी सामान भी सुरक्षित रह सकते हैं।

छाते आपके लिए उपयोगी हो सकते हैं।

स्वास्थ्य का रखें ध्यान

बारिश के मौसम में ठंड अधिक रहती है, इसलिए खुद को गर्म रखने के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी जरूरी है। इसके लिए पानी पीते रहें, विटामिन-ष्ट वाले फलों का सेवन करें और नियमित रूप से हाथ धोएं।

इसके अलावा ताजे फलों और सब्जियों का सेवन करें। अगर आप बीमार महसूस कर रहे हैं तो डॉक्टर से संपर्क करें और खुद को आराम दें।

ठंड से बचने के लिए गर्म पानी से नहाएं।

घर के अंदर रहें

अगर मौसम बिगड़ रहा हो और बाहर जाना जरूरी न हो तो घर पर रहना ही बेहतर है। इससे आप बारिश और ठंड से सुरक्षित रहेंगे।

घर पर रहकर आप अपने काम भी आसानी से कर सकते हैं। इसके अलावा घर पर रहकर आप अपने परिवार संग समय बिता सकते हैं और उनके साथ सुरक्षित महसूस कर सकते हैं।

घर पर रहकर आप अपनी सेहत का भी ध्यान रख सकते हैं और बीमारियों से बचे रह सकते हैं।

मौसम की जांच करें

आधुनिक तकनीक की मदद से मौसम की जानकारी पाना बहुत आसान हो गया है। अपने फोन पर मौसम की जानकारी देने वाले ऐप्स डाउनलोड करें या टीवी/रेडियो पर मौसम की खबरें सुनें।

इससे आपको पता रहेगा कि कब बारिश होनी है और कब नहीं, जिससे आप खुद को बेहतर तरीके से तैयार कर सकेंगे। इस तरह आप इन 5 तरीकों से बदलते मौसम से निपट सकते हैं और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सकते हैं।

संस्थापक- संपादक
स्व. आर. एस. शुक्ला

e-paper
dainandini.in

दैनिक दैनन्दिनी

बुधवार 04 नवंबर 2026 ■ रायपुर और बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित

जुए की महफिल पर पुलिस का छापा, पांच गिरफ्तार

महासमुंद। ग्राम धड़गांव में पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों में यशवंत ध्रुव (36), प्रह्लाद निषाद (40), अमर सिंह निषाद (40), ईश्वर ध्रुव (38) और रूपेश निषाद (36) शामिल हैं। पुलिस के अनुसार सभी हार-जीत का दांव लगाकर काटपत्ती जुआ खेल रहे थे। मौके से 1730 रुपये नकद और 52 पत्ती ताश जब्त की गई।

स्टेशन रोड पर जुए का अड्डा, 11 लोग पकड़े गए

महासमुंद। स्टेशन रोड क्षेत्र में पुलिस ने जुए के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 29 वर्षीय रोहन विश्वकर्मा समेत 10 अन्य लोगों को पकड़ा। पुलिस के मुताबिक आरोपी हार-जीत का दांव लगाकर काटपत्ती नामक जुआ खेल रहे थे। मौके से 2190 रुपये नकद, 52 पत्ती ताश, छह मोबाइल और नौ नग मोबाइल सेट जब्त किए गए, जिनकी कुल कीमत करीब 1.80 लाख रुपये बताई गई है।

जुआ खेलते युवक गिरफ्तार, नकदी-मोबाइल जब्त

महासमुंद। ग्राम खैरा में पुलिस ने जुआरियों पर शिकंजा कसते हुए 22 वर्षीय कानू चंद्राकर समेत पांच अन्य लोगों को जुआ खेलते पकड़ा। पुलिस के अनुसार आरोपी हार-जीत का दांव लगाकर काटपत्ती नामक जुआ खेल रहे थे। मौके से 3250 रुपये नकद, 52 पत्ती ताश और पांच मोबाइल फोन, कुल कीमत करीब 20 हजार रुपये, जब्त किए गए।

अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

खल्लारी। पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रामनाथ खड़िया, 57 वर्ष, निवासी खम्हारखुंटा, को गिरफ्तार किया। आरोपी के घर के पीछे रखी करीब 6 हजार एमएल महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी कीमत करीब 1200 रुपये बताई गई है।

मुख्यमंत्री साय और केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी की उपस्थिति में खनन एवं कोयला क्षेत्र की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

खनिज संपदा का समुचित उपयोग कर छत्तीसगढ़ को देश के विकास का ग्रोथ इंजन बनाएंगे : विष्णु देव साय

रायपुर ■ दैनन्दिनी

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ खनिज संपदा से समृद्ध राज्य है और देश के औद्योगिक एवं आर्थिक विकास में प्रदेश के खनिज संसाधनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। राज्य सरकार केंद्र सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर खनिज संसाधनों का समुचित, वैज्ञानिक और जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा प्रयास है कि खनिज संपदा का लाभ केवल औद्योगिक विकास तक सीमित न रहे, बल्कि इसका सीधा लाभ स्थानीय लोगों, विशेष रूप से खनन प्रभावित क्षेत्रों और जनजातीय समुदायों तक पहुंचे। खनिज संसाधनों के बेहतर प्रबंधन, निवेश, रोजगार सृजन और समावेशी विकास के माध्यम से छत्तीसगढ़ को देश के विकास का प्रमुख ग्रोथ इंजन बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय आज अपने निवास कार्यालय रायपुर में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी की उपस्थिति में आयोजित खनन एवं कोयला क्षेत्र की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में प्रदेश में खनिज अन्वेषण, खनिज ब्लॉकों की नीलामी, कोयला उत्पादन, क्रिटिकल एवं रणनीतिक खनिजों के विकास, जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) की राशि के उपयोग तथा खनन गतिविधियों में आधुनिक तकनीक के समावेश सहित



विभिन्न विषयों की विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में छत्तीसगढ़ की भूमिका अहम है। देश की बढ़ती औद्योगिक और आर्थिक आवश्यकताओं के अनुरूप खनिज संसाधनों का अन्वेषण और उपयोग किया जाना आवश्यक है। राज्य सरकार इस दिशा में केंद्र सरकार के साथ मिलकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि खनन गतिविधियों के विस्तार के साथ पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय आवश्यकताओं, रोजगार के अवसरों और प्रभावित समुदायों के हितों को भी प्राथमिकता दी जा रही है। विकास का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब खनिज संपदा से प्राप्त आर्थिक लाभ प्रभावित व्यक्ति तक पहुंचे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार खनिज प्रशासन में पारदर्शिता, तकनीक के अधिकतम उपयोग और खनन प्रभावित क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। खनिज ऑनलाइन 2.0, डिजिटल निगरानी व्यवस्था और ड्रोन जैसी आधुनिक तकनीकों के उपयोग से खनन गतिविधियों की निगरानी को अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बस्तर के जनजातीय समुदायों को टिन अयस्क का बेहतर मूल्य दिलाने और भुगतान की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए TIN पोर्टल जैसी पहल प्रारंभ की गई है। हमारा उद्देश्य है कि प्रदेश की खनिज संपदा स्थानीय समुदायों की आर्थिक आत्मनिर्भरता और आजीविका के नए अवसरों का आधार बने।

केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी ने खनन क्षेत्र में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किए जा रहे नवाचारों, राजस्व वृद्धि और तकनीक आधारित प्रशासनिक सुधारों की विशेष सराहना की।

गरियाबंद जिले में नगर एवं ग्राम निवेश कार्यालय खोलने भाजपा जिला कोषाध्यक्ष अध्यक्ष अजय रोहरा ने राजस्व मंत्री को सौंपा ज्ञापन

गरियाबंद (दैनंदिनी ब्यूरो)। भारतीय जनता पार्टी जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहरा ने छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को एक पत्र लिखकर गरियाबंद जिला मुख्यालय में 'नगर एवं ग्राम निवेश कार्यालय प्रारंभ किए जाने की जोरदार मांग की है।



पत्र में उल्लेख किया गया है कि गरियाबंद को जिला बने लगभग 14 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, लेकिन जिला मुख्यालय में आज तक नगर एवं ग्राम निवेश कार्यालय प्रारंभ नहीं हो पाया है। इस वजह से जिले के निवासियों और भूमि स्वामियों को अपनी भूमि का व्यपवर्तन (Diversion) व अन्य आवश्यक कार्यों के लिए रायपुर राजधानी के नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय पर निर्भर रहना पड़ता है। जिला मुख्यालय से अंतिम छोर पर स्थित देवभोग की दूरी लगभग 130 किलोमीटर है। देवभोग और आसपास के क्षेत्र के नागरिकों को नगर निवेश कार्यालय से संबंधित अपने कार्यों के संपादन के लिए करीब 240 किलोमीटर की लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे उन्हें अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। भाजपा जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहरा ने राजस्व मंत्री से आग्रह किया है कि उनकी अनुशंसा पर गरियाबंद जिला मुख्यालय में जल्द से जल्द नगर एवं ग्राम निवेश कार्यालय का शुभारंभ किया जाए, ताकि जिले की जनता को भूमि व्यपवर्तन और अन्य कार्यों के लिए राहत मिल सके और उन्हें अनावश्यक भागदौड़ से मुक्ति मिल सके इस मांग पत्र पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों का भी समर्थन प्राप्त है।

दल्लीराजहरा के गौ सेवक अमर लालवानी का छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2026 में भव्य सम्मान

दल्लीराजहरा (दैनंदिनी ब्यूरो)। दल्ली राजहरा के सभी गौ सेवक अमर लालवानी, जो निस्वार्थ भाव से तन, मन और धन से निःशुल्क गौ सेवा में समर्पित हैं, उन्हें छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2026 के अवसर पर सम्मानित किया गया।



कल आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम के दौरान कांकेर लोकसभा के सांसद श्री भोजराज नाग, बालोद जिला कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा, बालोद विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री तोमन साहू, बालोद नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा चौधरी एवं दल्ली राजहरा नगर पालिका अध्यक्ष श्री तोरण साहू जी के करकमलों द्वारा गौ सेवकों को सम्मान प्रदान किया गया।

इस सम्मान समारोह में गौ सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे सभी सेवकों की सेवाभावना की सराहना की गई। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने कहा कि निःस्वार्थ गौ सेवा समाज के लिए प्रेरणादायी है।

बरोंडाबाजार में विकास कार्यों की सौगात विधायक ने किया लोकार्पण-भूमिपूजन




महासमुंद। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बरोंडाबाजार में रविवार को विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को लेकर कई विकास कार्यों की सौगात दी।

कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना से हुई। विधायक एवं उपस्थित अतिथियों ने प्रदेश की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इसके बाद विधिवत पूजा-अर्चना कर विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बरोंडाबाजार एवं परसट्ठी में सीसी रोड और मिनी हाईमास्क लाइट तथा अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के निर्माण का भूमिपूजन किया गया।

छत्तीसगढ़ विकास की राह पर लगातार बढ़ रहा आगे : राजस्व मंत्री

पुलिस परेड ग्राउंड में जिला स्तरीय राज्योत्सव का हुआ भव्य आयोजन



गरियाबंद (दैनंदिनी ब्यूरो)। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आज पुलिस परेड ग्राउंड गरियाबंद में जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष गरियाबंद रिखीराम यादव सहित, स्थानीय जनप्रतिनिधि, मीडियाप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण मौजूद रहे। कार्यक्रम में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने छत्तीसगढ़ का इतिहास और जिले की उपलब्धियों को विस्तार से बताया। साथ ही जिले में मौजूद वन संपदा, प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के बारे में बताया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना कर राष्ट्रीय एवं राजकीय गीत का गायन कर किया गया। इस अवसर पर मंत्री टंकराम वर्मा सहित उपस्थित अतिथियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विकास प्रदर्शनी स्टॉलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री वर्मा ने अधिकारियों से विभागीय योजनाओं की जानकारी ली और आम नागरिकों से योजनाओं के लाभ के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर मंत्री श्री वर्मा ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को सामग्री, उपकरण एवं चेक का वितरण भी किया। दिव्यांजनों को ट्राईसिकल वितरण किया।

राज्योत्सव में दिखी छत्तीसगढ़ की संस्कृति, विकास और उपलब्धियों की झलक

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में सूरजपुर में जिला स्तरीय समारोह का शुभारंभ

रायपुर ■ दैनन्दिनी

छत्तीसगढ़ राज्य के 26वें स्थापना दिवस के अवसर पर सूरजपुर के अग्रसेन स्टेडियम ग्राउंड में जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्यगीत का गायन भी किया गया। इस वर्ष राज्योत्सव "सशक्त नारी, युवा उड़ान" की थीम पर मनाया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने जिलेवासियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना दिवस छत्तीसगढ़ महतारी की अस्मिता, समृद्ध संस्कृति और स्वाभिमान का पर्व है। प्रदेश अपनी स्थापना के 26 वर्ष पूरे कर 27वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के प्रयासों से छत्तीसगढ़ को पृथक राज्य का गौरव मिला। मंत्री ने राज्य निर्माण में योगदान देने वाले पुरखों को नमन करते हुए कहा कि गठन के समय अनेक चुनौतियां थीं, लेकिन आज प्रदेश विकास के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है।

उन्होंने कहा कि लोककला, लोकसंस्कृति और जनजातीय परंपराओं से



विशिष्ट पहचान रखने वाला छत्तीसगढ़ विकास और प्रगति की दिशा में आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" की भावना के अनुरूप जनकल्याण और समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ दूरस्थ अंचलों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। आदिवासी एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरणों के माध्यम से जनजातीय और वंचित वर्गों के उत्थान के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि सूरजपुर जिले में जनजातीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के साथ विकास कार्यों को गति दी जा रही है। उन्होंने सभी से जिले को समृद्ध और विकसित बनाने के संकल्प के साथ सामूहिक सहभागिता से आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सूरजपुर के विकास से विकसित छत्तीसगढ़ का संकल्प और मजबूत होगा।

प्रेमनगर विधायक श्री भूलन सिंह मरावी ने भी राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्योत्सव की "सशक्त नारी, युवा उड़ान" थीम महिला सशक्तिकरण और युवाओं की प्रगति के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित सूरजपुर के निर्माण में सभी से सक्रिय सहभागिता की अपील की। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने राज्य और जिले के गठन के बाद हुए विकास, उपलब्धियों तथा नवाचारों की जानकारी साझा की।

उत्कृष्ट कार्य करने वालों और प्रतियोगिता विजेताओं का सम्मान

समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों और पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पाक कला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बबली को 3,100 रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली श्रीमती रानी गुप्ता को 2,100 रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली श्रीमती कमला गुप्ता को 1,100 रुपये की नकद पुरस्कार राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

विभागीय प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जिला पंचायत को प्रथम, स्वास्थ्य विभाग को द्वितीय तथा शिक्षा एवं राजस्व विभाग को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान मिला। अतिथियों ने विजेता विभागों को सम्मानित किया। विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभ भी प्रदान किया गया। कुर्सी दौड़, रस्साकशी सहित खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। छात्राओं और अन्य प्रतिभागियों के उत्साहपूर्ण प्रदर्शन पर दर्शकों ने तालियों के साथ उनका उत्साह बढ़ाया।

थाना सनौद क्षेत्र में अवैध जुआ खेलते 8 आरोपी गिरफ्तार, नगद राशि और ताश पत्ते जब्त

बालोद (दैनंदिनी ब्यूरो)। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में अवैध गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए पुलिस प्रशासन का अभियान लगातार तेजी से जारी है। इसी क्रम में थाना सनौद पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में जुआ खेल रहे कुल 8 आरोपियों को रंगे हाथों धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल ₹4,940 की नगदी और ताश की गड्डियां बरामद की हैं।

यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक बालोद किरण गंगाराम चव्हाण (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवर्ना के निर्देशन और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती माया शर्मा के पर्यवेक्षण में संपन्न हुई है। थाना प्रभारी सनौद निरीक्षक सोनसिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ यह सख्त कदम उठाया है।

पहला मामला: कोसागोंदी में दबिश

दिनांक 02 नवंबर 2026 को रात्रि के समय थाना सनौद पुलिस को मुखबिर से गुप्त सूचना मिली कि ग्राम कोसागोंदी में बड़े तालाब के पास आम जगह पर कुछ लोग ताश के पत्तों से हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। इस



सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए सनौद पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की और जुआ खेल रहे पांच लोगों को दबोच लिया। मौके से पुलिस ने ताश की 52 पत्तियां और कुल ₹3,290 नगद बरामद किए। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अमित कुमार साहू (उम्र 26 वर्ष), नीलकंठ ठाकुर (उम्र 26 वर्ष), रोमलाल साहू (उम्र 22 वर्ष), नीरज कुमार ध्रुव (उम्र 29 वर्ष) और सुरेंद्र कुमार ध्रुव (उम्र 49 वर्ष, सभी निवासी ग्राम कोसागोंदी) के रूप में हुई है। इन सभी के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

दूसरा मामला: पुराना श्मशान घाट सनौद के पास कार्रवाई

इसी तरह एक अन्य सूचना के आधार पर सनौद पुलिस ने ग्राम सनौद में स्थित पुराने श्मशान घाट के पास दबिश दी। यहां भी कुछ व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर ताश के 52 पत्तों के जरिए रुपयों का दांव लगाकर अवैध रूप से जुआ खेल रहे थे। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए घेराबंदी कर मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 52 नग ताश पत्ती और ₹1,620 नगद जब्त किए गए। इस प्रकरण में गिरफ्तार आरोपियों में धनंजय निषाद (उम्र 29 वर्ष), वरुण कुमार (उम्र 29 वर्ष) और अरुण साहू (उम्र 36 वर्ष, सभी निवासी ग्राम सनौद) शामिल हैं। इनके विरुद्ध भी छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम, 2022 की धारा 3(2) के अंतर्गत अपराध दर्ज कर विधिवत कार्रवाई की गई है। दोनों मामलों को मिलाकर पुलिस ने कुल ₹4,940 (3290 + 1650) की नकदी जब्त की है।

:- संपादकीय :-

इंटरनेट बच्चों के लिए सुरक्षित नहीं

अदालत ने स्वीकार किया इंटरनेट की वर्तमान स्थिति बच्चों के लिए कतई सुरक्षित नहीं है। यह मानने के बावजूद जजों ने सुरक्षा की सारी जिम्मेदारी चाइल्ड मोड की सुविधा और माता-पिता की निगरानी पर डाल दी।सुप्रीम कोर्ट का फैसला है कि बच्चों को भी बालिगों की तरह इंटरनेट के उपयोग का अधिकार है। 'सुरक्षाइ के नाम पर इंटरनेट तक उनकी पहुंच रोकी नहीं जा सकती। इस रूप में कोर्ट ने आधुनिक जीवन में इंटरनेट के महत्त्व को रेखांकित किया है। यह सराहनीय है कि कोर्ट ने प्रतिबंध ही सुरक्षा है, जैसी प्रशासनिक सोच को खारिज कर दिया। दरअसल, बच्चों को साइबरस्पेस से बाहर निकालना पीड़ित को ही समस्या मान लेने जैसा है। उचित ही न्यायालय ने इस नजरिए को ठुकरा दिया। इसके बावजूद इस फैसले में कई समस्याएं हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। खुद अदालत ने स्वीकार किया इंटरनेट की वर्तमान स्थिति बच्चों के लिए कतई सुरक्षित नहीं है।यह मानने के बावजूद जजों ने सुरक्षा की सारी जिम्मेदारी चाइल्ड मोड की सुविधा और माता-पिता की निगरानी पर डाल दी। यानी सेवा प्रदाता प्लेटफॉर्म कंपनियों को जवाबदेही से पूरी तरह मुक्त कर दिया। कोर्ट ने इन कंपनियों से बाल यौन शोषण सामग्री हटाने को कहा तो है, लेकिन उनके अनिवार्य तकनीकी ऑडिट और सजा का कोई प्रावधान नहीं किया। अदालत की यह राय वाजिब है कि दूरदराज के इलाकों और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के पास अक्सर सीखने और दुनिया से जुड? का एकमात्र माध्यम इंटरनेट ही होता है। लेकिन ऐसी स्थिति में प्लेटफॉर्म कंपनियों की जवाबदेही तय करने का सिस्टम और जरूरी हो जाता है। गरीब परिवारों में माता-पिता अक्सर डिजिटल साक्षर नहीं होते।उनके बच्चे सस्ते स्मार्टफोन के जरिए इंटरनेट का उपयोग करते हैं। डिवाइस सुरक्षा, डेटा गोपनीयता, और सामग्री फिल्टरिंग के अभाव में इंटरनेट तक पहुंच का अधिकार किस हद तक सशक्तीकरण है, यह सवाल बना रहेगा। वैसे भारत में व्यापक दायरे में भी अधिकार और उसके उपभोग की स्थितियों ने एक विरोधाभास खड़ा कर रखा है। सुप्रीम कोर्ट पहले निर्णय दे चुका है कि बार-बार इंटरनेट शट-डाइन नागरिकों के अभिव्यक्ति के अधिकार का उल्लंघन है। लेकिन इससे शटडाउन पर रोक नहीं लगी है। भारत सबसे ज्यादा ऐसा शट-डाउन करने वाला देश बना हुआ है। इसीलिए अधिकार की हर न्यायिक घोषणा के व्यावहारिक महत्त्व पर अक्सर नया सवाल उठ खड़ा होता है।

शैक्षिक सशक्तिकरण : पहुंच और अवसरों के विस्तार के 12 वर्ष

बी.एल. वर्मा

एस.सी. छात्रों के लिए टॉप क्लास एजुकेशन स्कीम देश भर के प्रमुख संस्थानों में पढ़ाई कर रहे मेधावी छात्रों को मदद करती है। इस योजना के तहत खर्च वित्त वर्ष 2014-15 के 19 करोड़ रुपए से लगभग 6 गुना बढ़कर, वित्त वर्ष 2025-26 में 117 करोड़ रुपए हो गया। वन-टाइम रजिस्ट्रेशन यानी एक बार पंजीकरण की सुविधा से विभिन्न योजनाओं और शैक्षणिक वर्षों के दौरान लाभार्थियों को ट्रैक करना संभव हो जाता है।इस सुधार का मकसद जवाबदेही बढ़ाना, देरी और धन के दुरुपयोग को कम करना तथा छात्रों तक सहायता पहुंचाने की प्रक्रिया को बेहतर बनाना है। डिजिटल सत्यापन इस ढांचे का एक और महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। डी-डुप्लीकेशन प्रक्रियाएं फर्जी या डुप्लीकेट लाभार्थियों की पहचान करने में मदद करती हैं, जबकि बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण और इलैक्ट्रॉनिक नो योर कस्टमर सत्यापन पहचान की जांच को और मजबूत बनाते हैं। डिजीलॉकर और ए.पी.आई. सेतु के साथ एकीकरण, प्रमाणपत्रों और दस्तावेजों के डिजिटल सत्यापन में सहायता करता है।



सामाजिक सशक्तिकरण के लिए शिक्षा बेहद महत्वपूर्ण है। सामाजिक और आ?थक रूप से वंचित समुदायों के छात्रों के लिए वित्तीय सहायता उनकी स्कूली शिक्षा जारी रखने, उच्च शिक्षा के लिए अवसर मुहैया कराने और अनुसंधान तथा पेशेवर करियर में उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने में मददगार साबित हो सकती है। वित्तीय वर्ष 2014-15 से 2025-26 के बीच, सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने छात्रवृत्तियों, कोचिंग सहायता, विदेशों में शिक्षा के लिए सहयोग और शोध फैलोशिप के जरिए इन उद्देश्यों को पूरा करने का प्रयास किया है।

विभाग का दृष्टिकोण वित्तीय बाधाओं को कम करने और शिक्षा के निरंतर विस्तार को मजबूत करने पर आधारित है। इसके प्रयासों का उद्देश्य अनुसूचित जातियों (एस.सी.), अन्य पिछड़ा वर्गों (ओ.बी.सी.), आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों (ई.बी.सी.) तथा डीनोटिफाई, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू जनजातियों (डी.एन.टी.) के लिए अवसरों तक पहुंच को बेहतर बनाना है। इसके अलावा वित्तीय सहायता के साथ-साथ, छात्रवृत्ति प्रशासन में किए गए सुधारों के तहत पारदर्शिता, लाभार्थियों के सत्यापन और सहायता के सीधे वितरण पर भी खासा जोर दिया गया है।स्कूली वर्षों से ही शिक्षा पर जोर : अनुसूचित जातियों व अन्य वर्गों के लिए प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना शुरूआती स्तर पर शिक्षा में मददगार साबित होती है। केंद्र प्रायोजित इस योजना का उद्देश्य साक्षरता को बढ़ावा देना, स्कूल छोड? की दर को कम करना और अनुसूचित जाति के बच्चों तथा ऐसे बच्चों की स्कूली शिक्षा को निरंतर बनाए रखना है, जिनके माता-पिता या अभिभावक अस्वच्छ और खतरनाक व्यवसायों में लगे हुए हैं।

वित्त वर्ष 2014-15 से 2025-26 के दौरान, इस योजना के तहत 4,893 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता जारी की गई, जिससे इस पूरी अवधि में लगभग 3 करोड़ लोगों को लाभ मिला। केवल वित्त वर्ष 2025-26 में ही 562 करोड़ रुपए जारी किए गए, जिससे लगभग 27 लाख छात्रों को लाभ मिला। पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के माध्यम से अनुसूचित जाति के छात्रों को स्कूली शिक्षा के बाद भी सहायता दी जाती है। इस प्रमुख योजना का उद्देश्य उच्च शिक्षा तक पहुंच बढ़ाना, छात्रों को पढ़ाई जारी रखने में मदद करना और उच्च शिक्षा में एस.सी. छात्रों की भागीदारी को बढ़ाना है। वित्त वर्ष 2014-15 से 2025-26 के दौरान, इस योजना के तहत 46,581 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता दी गई, जिससे लगभग 6.13 करोड़ छात्रों को लाभ मिला। वित्त वर्ष 2025-26 में, इस योजना ने 47.53 लाख छात्रों को सहायता प्रदान की।डिजिटल सुधारों के जरिए पारदर्शिता को मजबूत करना : छात्रवृत्ति वितरण में एक बड़ा बदलाव तब आया, जब वित्त वर्ष 2021-22 से प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डी.बी.टी.) प्रणाली लागू की गई। इस व्यवस्था के तहत, छात्रवृत्ति की राशि सीधे लाभार्थियों के आधार लिंक्ड बैंक खातों में भेजी जाती है।

शैक्षिक डाटाबेस के साथ जुड़ाव से संस्थानों और छात्रों के रिकॉर्ड की पुष्टि करने में मदद मिलती है, जबकि यू.आई.डी.ए.आई., एन.पी.सी.आई. और सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पी.एफ.एम.एस.) के साथ जुड़ाव भुगतान प्रक्रिया को सरल बनाता है। ये सभी उपाय मिलकर उन प्रशासनिक प्रणालियों को मजबूत करते हैं, जिनके जरिए पात्र छात्रों तक छात्रवृत्ति सहायता पहुंचती है।उच्च शिक्षा और शोध के लिए नए मार्ग : प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक सहायता के अलावा, स्कॉलरशिप्स फॉर हायर एजुकेशन फॉर यंग अचीवर्स या श्रेयस योजना, कोचिंग, प्रतिष्ठित संस्थानों, विदेश में पढ़ाई और अनुसंधान के अवसरों तक पहुंच सुनिश्चित करने में मदद करती है। एस.सी. और ओ.बी.सी. छात्रों के लिए मुफ्त कोचिंग योजना, प्रतियोगी और पेशेवर परीक्षाओं की तैयारी कर रहे आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को अच्छी कोचिंग के लिए वित्तीय मदद प्रदान करती है। वित्त वर्ष 2025-26 में, 9.87 करोड़ रुपए खर्च करके 854 लाभार्थियों की मदद की गई। दरअसल इस सहायता का मकसद उन आर्थिक बाधाओं को कम करना है, जिनका सामना छात्र शैक्षणिक और पेशेवर अवसरों की तैयारी के दौरान करते हैं।एस.सी. छात्रों के लिए टॉप क्लास एजुकेशन स्कीम देश भर के प्रमुख संस्थानों में पढ़ाई कर रहे मेधावी छात्रों को मदद करती है। इस योजना के तहत खर्च वित्त वर्ष 2014-15 के 19 करोड़ रुपए से लगभग 6 गुना बढ़कर, वित्त वर्ष 2025-26 में 117 करोड़ रुपए हो गया। इसी अवधि के दौरान, सालाना लाभाथयों की संख्या 1,568 से बढ़कर 4,742 हो गई।

राशिफल

मेष राशिः आज आपके लिए दिन फायदेमंद रहेगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर होगी। कार्यक्षेत्र में आपको बेहतर अवसर मिलने की संभावना है। व्यापारियों को व्यापार से रिलेटेड यात्रा होने के योग हैं। इस यात्रा से आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आज आप धन की बचत करने में कामयाब रहेंगे।

वृष राशिः वृष राशि वालों आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप अपने प्रियजनों और परिवार के बड़ों से सलाह लेकर ही कोई व्यवसाय से संबंधित निर्णय लेंगे। किसी तरह के पैसों के लेन-देन में आज आपको सावधानी बरतने की जरूरत है।

मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों आज आपका दिन पॉजिटिव रहेगा। व्यवसाय से जुड़े लोगों को व्यापार में बड़े लाभ की उम्मीद है। नई व्यापारिक योजनाएं बनाने में कामयाब रहेंगे। आपका पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

कर्क राशिः कर्क राशि वालों आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपकी कोई इच्छा पूरा होने से पूरे दिन मन प्रसन्न रहेगा। आप उच्च शिक्षा के लिए हाई प्रोफाइल संस्थान में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। परिवार में किसी शुभ कार्य पर आप धन खर्च करेंगे।

सिंह राशिः सिंह राशि वालों आज आपका दिन लकी रहने वाला है। आप व्यापार शुरू करने का मन बनाएंगे, जिसमे परिवार वालों का पूरा सहयोग मिलेगा। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी, आज किसी प्रकार की बिजनेस डील हो सकती है। जिससे आप बहुत खुश होंगे। घर के कार्यों में जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। लवमेट्स के बीच चल रही अनबन आज समाप्त होगी।

कन्या राशिः कन्या राशि वालों आपके लिए आज का दिन बढि?या रहेगा। कुछ नए संपर्कों से आपको लाभ मिलेगा। आज आपके व्यापार में उन्नति होने के योग बने हुये है। किसी पारिवारिक समस्या का आज समाधान निकालने में सफल होंगे, परिवार के सदस्यों में ताल-मेल बढ़ेगा। व्यापार को बढ़ाने के लिए आज आप कुछ नया करने की कोशिश करेंगे। प्रतियोगी परीक्षार्थियों को सफलता मिलने के योग है।

तुला राशिः तुला राशि वालों आज आपका दिन प्रसन्नता पूर्वक बीतेगा। आपको अपने कुछ पुराने मित्रों से मेल-जोल बढ़ाने का मौका मिलेगा। कार्यक्षेत्र क्षेत्र में दी गई जिम्मेदारियों को आज आप बखूबी निभाएंगे। अपने सीनियर्स के साथ कुछ पुरानी यादों को ताजा करेंगे।

वृश्चिक राशिः वृश्चिक राशि वालों आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आपको किसी प्रकार के लेन-देन के मामले में स्पष्टता रखनी होगी। संतान के करियर में विशेष उपलब्धि मिलने से आपको खुशी मिलेगी। काफी दिनों से स्टार्टअप शुरू करने का प्लान पूरा करने में कामयाब रहेंगे। आज आप एक अच्छे टीम लीडर साबित होंगे। आज आपको किसी भी बात को लेकर बहुत अधिक सोच-विचार करने से बचना होगा।

धनु राशिः धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। नौकरी कर रहे लोगों को कोई अच्छी उपलब्धि मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आप अपनी अच्छी सोच का लाभ उठाएंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर बनेगी। आज आपको किसी बड़ी कंपनी से नौकरी का ऑफर आयेगा। जीवनसाथी के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा।

मकर राशिः मकर राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आपको नौकरी से रिलेटेड कोई शुभ समाचार सुनने को मिलेगा। जिसकी आपको प्रतीक्षा थी। जीवनसाथी की ओर से कोई उपहार मिलने से पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप परिवार के साथ कहीं यात्रा पर जाएंगे। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी दोस्त की मदद से अच्छी जॉब मिलेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को समाज में मान-सम्मान प्राप्त होगा।

कुम्भ राशिः आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। कार्य स्थल पर आपके काम की सराहना होगी। मीडिया और जन संचार से जुड़े लोगों को उनके काम के लिए प्रसिद्धि मिलेगी। अगर आप लेखक है और कोई किताब लिखना चाह रहे हैं तो समय अनुकूल है। सेहत के मामले में आज आप चुस्त-दुरुस्त बने रहेंगे।

मीन राशिःमीन राशि वालों आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आप धर्म-कर्म के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। छात्रों को सफलता मिलने के योग बने हुए है,

सू- दोकू क्र. 206

	1			4			7	
		6	9		2			1
	7			6		8		2
1							8	
	8			5		2		3
3		2			4		1	
	3		2			4		
		8		1	6			7
9			4				2	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र 205 का हल

3	9	6	8	2	5	4	7	1
8	2	5	1	7	4	6	3	9
7	1	4	6	9	3	8	2	5
1	8	9	3	6	7	2	5	4
2	6	7	5	4	8	1	9	3
5	4	3	9	1	2	7	8	6
6	7	2	4	3	9	5	1	8
9	5	1	7	8	6	3	4	2
4	3	8	2	5	1	9	6	7

नजरिया | प्रो. संजय द्विवेदी ।

नई पीढ़ी को बौद्धिक परतंत्रता और सांस्कृतिक अलगाव से बचाना जरुरी

ऐसा देश जहां सब 'स्वधर्म' पर चलते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। अगर उस समाज में घरों ताले नहीं हैं, चोरियां नहीं होती,लोग झूठ नहीं बोलते, ऊंच-नीच नहीं है तो सोचिए कि वह समाज और उसकी शिक्षा कैसी रही होगी? अनेक विदेशी यात्रियों ने भारत के बारे में अपने जो अनुभव दर्ज किए हैं।संकटग्रस्त और बिखरती पारिवारिक व्यवस्था, ध्वस्त होते जीवन-मूल्य, अपनी जड़ों से उखड़ती पीढ़ी वर्तमान की सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। इनके बीच उपनिवेशवादी मानसिकता से प्रभावित शिक्षा व्यवस्था हमें अभी भी जकड़े हुए है। अंग्रेजों के जाने के आठ दशक बाद भी अपनी शिक्षा व्यवस्था को हम उन संकटों से मुक्त नहीं करा पाए हैं, जो हमें हमारी लंबी दासता ने दिये थे। इस शिक्षा व्यवस्था के नाते 'इंडिया' से 'भारत' की ओर हमारा प्रवास संभव नहीं हो पा रहा है।धर्मपाल जी की किताब 'द ब्यूटीफुल ट्री' हमें जिस भारत के दर्शन कराती है, वहां प्रत्येक गांव में एक या अधिक स्कूल थे। ये हर तरह का ज्ञान और कौशल दे रहे थे। अंग्रेजों ने इस समूची भारतीय



शिक्षा व्यवस्था का 'कैसे' ध्वंस किया? 'क्यों किया' यह जानना अनिवार्य है। महात्मा गांधी के आरंभिक लेखन में इस क्षत-विक्षत हो रहे भारत का दर्द दिखता है। अंग्रेजी शिक्षा ने हमें 'कमजोर और कम भारतीय' बनाया। साथ ही अपनी जमीन और उसके मूल्यों के प्रति हिकारत और हीनता बोध पैदा किया। यह आत्मदैन्य या 'एहसास-ए-कमतरी' आज भी हमें जकड़े हुए है। किताबों तक सिमटी शिक्षाःअंग्रेजी शिक्षा ने 'घर' और 'स्कूल' के बीच दूरी बनाई। इस पढ़ाई ने हमें यह सिखाया कि स्कूल कोई ऊंची जगह है और घर ठीक नहीं है। इस हीनता में फंसकर हमने अपनी संस्कारशाला 'परिवार' और उसके द्वारा दिए जा रहे मूल्यों को कमतर मान लिया। बच्चों में नैतिक मूल्य, आदर और सामाजिक जिम्मेदारियां परिवार और समाज द्वारा सिखाई जाती थीं। यह जिम्मेदारी भी पूरी तरह स्कूलों पर डाल दी गई। इससे परिवारों की भूमिका गौण होती चली गई । शिक्षा मुख्य रूप से किताबों और चार दीवारों तक सीमित हो गई। फलतः बच्चे घर के पारंपरिक कामकाज, खेती, दस्तकारी और व्यावहारिक जीवन के अनुभवों से दूर होते गए। ये सभी काम पहले घर के माध्यम से स्वतः सीखते थे।अंग्रेजों की नकल सिर्फ भाषा तक नहीं रही बल्कि वह हमारे जीवन में भी प्रवेश कर गई। खानपान, परिधान, दिनचर्या , कैलेण्डर सब बदल गये। स्कूल जब बदलते हैं तो वह पूरा सांस्कृतिक परिवेश बदलने की क्षमता रखते हैं। यह हमने हिंदुस्तान में होते हुए देखा। इसीलिए उस जमाने में भारत के गवर्नर जनरल रहे लॉर्ड विलियम बेंटिक ने कहा था, पढ़ने के बाद वे हमारी नकल करने लगे हैं।

क्या से क्या हो गए देखते-देखते:ऐसा देश जहां सब 'स्वधर्म' पर चलते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। अगर उस समाज में घरों ताले नहीं हैं, चोरियां नहीं होती,लोग झूठ नहीं बोलते, ऊंच-नीच नहीं है तो सोचिए कि वह समाज और उसकी शिक्षा कैसी रही होगी? अनेक विदेशी यात्रियों ने भारत के बारे में अपने जो अनुभव दर्ज किए हैं। वे हैरान करने वाले हैं। अंग्रेजों ने अपनी शिक्षा व्यवस्था से भारतीय समाज का मानस बदल दिया। नतीजतन समाज बदला, उसके मूल्यों में व्यापक बदलाव हुए। सरकार, पुलिस, कोर्ट-कचहरी, प्रशासन तंत्र का महत्व बना। हमारी स्वायत्तता और समाज केंद्रित व्यवस्थाएं नष्ट हुईं। हम सरकार के सामने याचक की तरह खड़े हो गए।

विचार | धनंजय राठौर

जनता की उम्मीदों पर खरी उतर रही डिजिटल पहल



लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबसूरती यह है कि इसमें शासन और प्रशासन सीधे जनता के प्रति जवाबदेह होते हैं। सुशासन और पारदर्शी व्यवस्था की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा उठाया गया एक बेहद प्रभावी कदम सीएम हेल्पलाइन 1076 है। आज यह हेल्पलाइन राज्य के आम नागरिकों के लिए वरदान साबित हो रही है, जिसके माध्यम से घर बैठे उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो रहा है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और प्रशासनिक कामकाज की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया है कि हेल्पलाइन का उद्देश्य केवल शिकायतों के आंकड़ों को कम करना या पोर्टल पर उन्हें क्लोज करना नहीं है, बल्कि नागरिकों को वास्तविक और संतोषजनक समाधान दिलाना है।मुख्यमंत्री का स्पष्ट संदेश- संवेदनशीलता, समयबद्धता और समाधान-मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि उनकी अपेक्षा बहुत स्पष्ट है-जनता को अपनी समस्या लेकर भटकना न पड़े। अधिकांश अधिकारी-कर्मचारी अच्छा काम कर रहे हैं, जिनके परिश्रम की वे सराहना भी करते हैं। लेकिन कुछ लोगों की लापरवाही से पूरे प्रशासन की छवि खराब हो, यह उचित नहीं है। जो अच्छा काम कर रहे हैं, उन्हें प्रोत्साहन मिलेगा; जहां कमी है, वहां सुधार का अवसर मिलेगा; और जो लगातार लापरवाही करेंगे, उनकी जवाबदेही तय होगी। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 का मूल मंत्र संवेदनशीलता, समयबद्धता और समाधान होना चाहिए। छत्तीसगढ़ शासन के टोल-फ्री नंबर 1076 के माध्यम से नागरिक सरकारी सेवाओं और अपनी समस्याओं से जुड़ी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

नहीं भाई, नाम में बहुत कुछ रखा है

यूपी के एमएलसी चुनावों के लिए आयी इलाहाबाद-झांसी स्नातक मतदाता सूची में एक नाम आया कि राम ने यादव को मारा। अभी तक राम जी रावण को मारते आ रहे थे। मारा तो खैर उन्होंने बाली को भी।वैसे तो यह किसी ज्ञानी ने ही कहा होगा और शायद शेक्सपियर ने ही कहा था कि ह्यनाम में क्या रखा है?ह्न, जो अब एक कहावत-सी बन गई है। लेकिन इधर मामला यह नहीं रह गया है कि नाम में क्या रखा है बल्कि मामला यह हो गया है कि यह क्या नाम रखा है। नहीं जी नहीं, हम अपने नाम की बात नहीं कर रहे कि यह क्या नाम रखा है। बल्कि इधर चुनाव आयोग ने मतदाताओं के जो नाम रखे हैं, उन्हें देखकर आप हमसे यह सवाल करना भूल जाएंगे कि यह क्या नाम रखा है। वैसे तो हमारे यहां नामों का भी मजाक चलता ही है उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक। और मजाक का क्या है जनाब, हम तो लोगों की विफलता का भी मजाक बना देते हैं। कोई फिसलकर गिर जाए तो उसका भी मजाक बना देते हैं। फिर नाम का मजाक बनाना क्या बड़ी बात है।लेकिन इधर चुनाव आयोग ने मतदाताओं के जो नाम रखे हैं, उसने मतदाताओं, मतदाता सूचियों और खुद चुनाव आयोग का ही मजाक बना दिया है। अब तक चुनाव आयोग सबसे बड़ा राजनीतिक मुद्दा था। लेकिन अब वह मजाक भी बन गया है। आइए देखते हैं कि कैसे वह मजाक बन रहा है।यूपी के एमएलसी चुनावों के लिए आयी इलाहाबाद-झांसी स्नातक मतदाता सूची में एक नाम आया कि राम ने यादव को मारा। अभी तक राम जी रावण को मारते आ रहे थे। मारा तो खैर उन्होंने बाली को भी। लेकिन उन्हें क्योंकि वे हर साल नहीं मारते हैं और रावण को हर साल मारते हैं तो लोगों के जेहन में यही बसा हुआ है कि राम ने रावण को मारा। लेकिन चुनाव आयोग की मतदाता सूची में राम ने यादव को भी मार दिया। अब क्योंकि हमारे यहां धर्म की तरह जाति का मसला भी काफी संवेदनशील होता है तो लोगों ने सवाल खड़ा कर दिया कि राम ने यादव को ही क्यों मारा? फिर पता चला कि नहीं राम ने यादव को ही नहीं, शर्मा को भी मारा है। मामला धर्म निरपेक्ष तो नहीं हुआ, पर जाति निरपेक्ष हो गया और फिर मूर्खचंद यादव का सवाल नहीं उठा।आयोग के अधिकारियों ने राहत की सांस ली। कहा कि अच्छा हुआ कि किसी अल्पसंख्यक को नहीं मारा। वरना तो हम पर सांप्रदायिक होने का आरोप लग जाता। लेकिन फिर पता चला कि उधर कोई मोहम्मद पागल रेहान मिल गया है और मोहम्मद इकबाल भीख भी मांगता है। नहीं जी नहीं। यह न तो मानसिक स्वास्थ्य का मामला है और न ही पेशे का। यह भी नाम ही हैं। इसलिए लोग अब यह नहीं कह रहे कि नाम में क्या रखा है बल्कि पूछ रहे है कि यह क्या नाम रखे हैं। नहीं क्या?

शब्द सामर्थ्य -206


(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :

1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे

1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 205 का हल

अ	भि	षे	क	■	प	स	■	■
जा	त	■	थ	प	थ	पा	ना	■
य	र	का	नी	■	भ्र	■	र	श्मि
ब	घा	र	■	क	ष्ट	प्र	द	■
■	त	ना	त	नी	■	र्व	■	ब
अ	■	मा	■	ज	मा	त	■	ल
स	जा	■	■	■	■	क	ज	रा
बा	■	बे	स	हा	रा	■	ग	म
ब	गु	ला	■	रा	ज	दू	त	■

विधायक भावना बोहरा ने दामापुर में किया उप तहसील (लिंक कोर्ट) कार्यालय का शुभारंभ

46.96 लाख के विभिन्न विकास कार्यों का भी किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

पंडरिया/कवर्धा (दैनंदिनी ब्यूरो)। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विकास और आमजन को बेहतर प्रशासनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने ग्राम दामापुर में उप तहसील कार्यालय (लिंक कोर्ट) का शुभारंभ किया। इस कार्यालय के प्रारंभ होने से दामापुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अब राजस्व एवं प्रशासनिक कार्यों के लिए दूर-दराज के कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्हें अपने नजदीक ही राजस्व संबंधी सेवाओं का लाभ मिल सकेगा, जिससे समय, धन और श्रम की बचत होगी। इस दौरान विधायक भावना बोहरा ने 46 लाख 96 हजार की कुल लागत से हाई स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, आदिवासी बालक आश्रम माध्यमिक शाला भवन, रंगमंच, सामुदायिक भवन का लोकार्पण एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आहता निर्माण तथा सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को बधाई दी।

उप तहसील (लिंक कोर्ट) कार्यालय प्रारंभ होने से क्षेत्र के किसानों, ग्रामीणों और आम नागरिकों को राजस्व संबंधी विभिन्न कार्यों के लिए स्थानीय स्तर पर सुविधा मिलेगी। अब ग्रामीणों को नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, भूमि संबंधी अभिलेखों एवं राजस्व प्रकरणों से जुड़े कार्यों के लिए अधिक दूरी तय करने की परेशानी से राहत मिलेगी। इसके साथ ही राजस्व प्रकरणों की सुनवाई, प्रशासनिक कार्यों के निराकरण और शासकीय योजनाओं से संबंधित प्रक्रियाओं में भी लोगों को सुविधा प्राप्त होगी। स्थानीय स्तर पर कार्यालय उपलब्ध होने से प्रशासन और आमजन के बीच संपर्क बेहतर होगा तथा नागरिकों की समस्याओं के निराकरण में भी सहूलियत मिलेगी।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि पंडरिया विधानसभा के प्रत्येक क्षेत्र में विकास के साथ-साथ जनसुविधाओं का विस्तार करना हमारी प्राथमिकता है। दामापुर में उप तहसील कार्यालय का शुभारंभ केवल एक प्रशासनिक कार्यालय की शुरुआत नहीं, बल्कि क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को उनके घर के नजदीक सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब किसानों, बुजुर्गों, महिलाओं और आम नागरिकों को छोटे-छोटे राजस्व कार्यों के लिए दूर जाना नहीं



पड़ेगा। उनका समय और श्रम की बचत होगी तथा उन्हें अपने क्षेत्र में ही प्रशासनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि शासन की योजनाओं और प्रशासनिक सेवाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक सरलता और सहजता से पहुँचे। इसी सोच के साथ पंडरिया विधानसभा के शहरी, ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ प्रशासनिक सुविधाओं को भी मजबूत किया जा रहा है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की डबल इंजन भाजपा सरकार सुशासन, जनकल्याण और सर्वांगीण विकास के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी की सरकार में गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं को केंद्र में रखकर योजनाओं एवं विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार की मंशा है कि विकास और सुविधाओं का लाभ केवल शहरों तक सीमित न रहे, बल्कि सुदूर ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचे।

भावना बोहरा ने कहा कि डबल इंजन सरकार के समन्वित प्रयासों से पंडरिया विधानसभा में विकास कार्यों को नई गति मिल रही है। हमारा संकल्प है कि पंडरिया का कोई भी गांव बुनियादी सुविधाओं और विकास की मुख्यधारा से वंचित न रहे। जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप सुविधाओं का विस्तार करना और उनके जीवन को अधिक सरल एवं सुविधाजनक बनाना ही हमारा उद्देश्य है। आज लगभग 46 लाख से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया गया है। इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और अध्ययन के लिए अतिरिक्त कक्ष की सुविधा मिलेगी। वहीं आदिवासी बालक आश्रम माध्यमिक शाला भवन से आदिवासी अंचल के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक एवं आवासीय सुविधाएँ उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

ग्राम में रंगमंच एवं सामुदायिक भवन के लोकार्पण से सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक आयोजनों के लिए एक बेहतर स्थान उपलब्ध होगा, जिससे ग्रामीणों को विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आहता निर्माण से परिसर की सुरक्षा एवं व्यवस्था बेहतर होगी तथा सीसी रोड निर्माण से आवागमन सुगम होगा।

सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के अवसर पर लोरमी थाना प्रभारी मां भारती की आरती में हुए सम्मिलित



लोरमी (दैनंदिनी ब्यूरो)। शासकीय प्राथमिक शाला झाफल में सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के अवसर पर विशेष अतिथि लोरमी थाना प्रभारी पवन कुमार देवांगन रहे। उन्होंने मां सरस्वती के प्रतिमा में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। थाना प्रभारी पवन कुमार देवांगन ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल को सरदार की उपाधि बरदोली के किसानों ने दिया था। पटेल ने देश के 562 रियासतों को जोड़कर भारत माता को खंड खंड होने से बचाया। इन्हें लौह पुरुष दृढ़ संकल्प से काम करने के कारण कहा गया। देश के लिए अद्वितीय कार्य करने के कारण इनके मूर्ति को स्टेच्यू ऑफ यूनिटी के रूप में देखने के लिए लोग गुजरात जाते हैं। प्रधानपाठक संजय सिंह ने गीता और पेन भेंट कर थाना प्रभारी को धन्यवाद सम्प्रेषित किया।

स्पेन में महक रही भारतीय माटी की खुशबू: कैटेलोनिया में प्रवासी भारतीयों से मिले केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू

भारत-स्पेन मैत्री को नई ऊँचाई देने पर जोर

मुंगेली (दैनंदिनी ब्यूरो)। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने स्पेन के कैटेलोनिया क्षेत्र में निवासरत भारतीय समुदाय के साथ संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रवासी भारतीयों को भारत और स्पेन के बीच सांस्कृतिक, आर्थिक एवं सामाजिक संबंधों का महत्वपूर्ण सेतु बताते हुए कहा कि प्रवासी भारतीय भारत की वैश्विक पहचान के सशक्त प्रतिनिधि हैं। वे अपनी प्रतिभा, परिश्रम, उद्यमशीलता और भारतीय संस्कृति के माध्यम से विदेशों में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने के साथ-साथ दोनों देशों के बीच मैत्री और सहयोग को मजबूत कर रहे हैं।



कैटेलोनिया क्षेत्र में लगभग 35 हजार भारतीय मूल के लोग निवासरत हैं। इनमें पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, केरल और तमिलनाडु सहित भारत के विभिन्न राज्यों के लोग शामिल हैं। भारतीय समुदाय के अनेक सदस्य आधुनिक तकनीक, व्यवसाय और विभिन्न पेशेवर क्षेत्रों में सक्रिय हैं। दुर्गा पूजा, दीपावली, गणेशोत्सव और ओणम जैसे पर्वों के आयोजन के माध्यम से उन्होंने विदेश की धरती पर भी भारतीय संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखा है।

भारत और स्पेन के संबंधों पर प्रकाश डालते हुए केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत की विदेश नीति को नई वैश्विक पहचान मिली है। भारत आज दुनिया के देशों के साथ समानता, पारस्परिक सम्मान और साझा विकास के आधार पर संबंधों को मजबूत कर रहा है। प्रधानमंत्री जी की मई 2017 की स्पेन यात्रा ने दोनों देशों के संबंधों को नई दिशा दी। अक्टूबर 2024 में स्पेन के प्रधानमंत्री श्री पेड्रो सांचेज की भारत यात्रा और जनवरी 2026 में स्पेन के विदेश मंत्री की भारत यात्रा ने उच्चस्तरीय संवाद और सहयोग को आगे बढ़ाया।

श्री साहू ने कहा कि वर्ष 1956 में स्थापित भारत-स्पेन राजनयिक संबंध वर्ष 2026 में अपने 70 वर्ष पूरे कर रहे हैं। यह दोनों देशों के बीच विश्वास, मैत्री और निरंतर बढ़ती साझेदारी का महत्वपूर्ण पड़ाव है। विदेश मंत्री स्तर पर संवाद तथा नियमित विदेश कार्यालय परामर्श (Foreign Office Consultations) के माध्यम से द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा और सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा होती है।

उन्होंने कहा कि रक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा, व्यापार, निवेश, सार्वजनिक परिवहन, शहरी विकास, पर्यटन और डिजिटल तकनीक जैसे क्षेत्रों में भारत और स्पेन के बीच सहयोग की व्यापक संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में अपनी भूमिका का विस्तार कर रहा है। इससे स्पेन के साथ साझेदारी के नए रास्ते खुल रहे हैं।

प्रवासी भारतीयः भारत की वैश्विक पहचान और दोनों देशों के बीच मजबूत सेतु

केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि प्रवासी भारतीय भारत की अमूल्य शक्ति हैं। वे जिस देश में रहते हैं, वहाँ की अर्थव्यवस्था, समाज और विकास में योगदान देने के साथ अपनी मातृभूमि की संस्कृति, संस्कार और मूल्यों को भी संजोकर रखते हैं। उनकी उपलब्धियाँ भारत की प्रतिभा और सामर्थ्य का वैश्विक परिचय कराती हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने विदेशों में बसे भारतीय समुदाय के साथ निरंतर संवाद और जुड़ाव को विशेष महत्व दिया है। इससे प्रवासी भारतीयों की सहभागिता, आत्मीयता और भारत के विकास में उनकी भागीदारी को नई पहचान मिली है।

कांग्रेस की अराजकता से भारत कमजोर नहीं होगा, लोकतंत्र की मजबूती के लिए जनता भाजपा के साथ : अरुण साव



मुंगेली (दैनंदिनी ब्यूरो)। उप मुख्यमंत्री अरुण साव मुंगेली में आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं और नागरिकों के साथ शामिल हुए। पदयात्रा से पहले आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। श्री साव ने कहा कि राहुल गांधी स्वयं लोकतंत्र के लिए खतरा बन गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहीं जाने वाले नहीं हैं, वे वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की 140 करोड़ जनता प्रधानमंत्री मोदी के साथ खड़ी है और किसी भी तरह की अराजकता से भारत कमजोर नहीं होगा।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का उल्लेख कर कहा कि देश में अब तक 12 बार यह प्रक्रिया हो चुकी है, जिनमें से 10 बार कांग्रेस की सरकारों के कार्यकाल में कराई गई। अंतिम बार वर्ष 2014 में यह प्रक्रिया हुई थी और अब 21 साल बाद पुनरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मृत व्यक्तियों, स्थायी रूप से निवास बदल चुके



लोगों और पलायन कर चुके मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में बने रहना उचित नहीं है। नाम जोड़ने और हटाने के लिए निर्धारित नियम एवं प्रक्रिया है। पात्र नागरिकों को इन प्रक्रियाओं से कोई नहीं रोक रहा है।

श्री साव ने कहा कि लोकतंत्र का वास्तविक अर्थ संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान करना और चुनाव के माध्यम से सरकार का गठन करना है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस संसद, न्यायालय के फैसलों और निर्वाचन आयोग की संवैधानिक भूमिका पर सवाल उठाकर देश में भ्रम और अराजकता का माहौल बनाने का प्रयास कर रही है। गांधी परिवार की सत्ता बनी रहेगी, तभी लोकतंत्र सुरक्षित रहेगा, राहुल गांधी का यह नैरेटिव कभी सफल नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीन बार जनादेश प्राप्त कर चुके हैं। ऐसे में कांग्रेस सत्ता की तड़प में विदेशी ताकतों से मिलकर अराजकता फैला रहे हैं। कांग्रेस ईवीएम, निर्वाचन आयोग और एसआईआर को अनावश्यक मुद्दा बनाकर जनता को गुमराह कर रही है।

पदयात्रा में विधायक पुन्नूलाल मोहले, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, जिला संगठन प्रभारी ज्योतिनंद दुबे, जनपद अध्यक्ष श्रीमती वर्षा सिंह, लोरमी नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, कोमल गिरी, शैलेश पाठक, गिरीश पाठक, प्रेम आर्य, लोकनाथ सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष राकेश साहू, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन शामिल हुए।

33 संगठनों के जिला अध्यक्षों ने सतीश ब्यौहरे को पुन: निर्विरोध जिला संयोजक चुना

सतीश ब्यौहरे दोबारा फेडरेशन के संयोजक चुने गए

राजनांदगांव (दैनंदिनी ब्यूरो)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला इकाई राजनांदगांव के जिला संयोजक का चुनाव भारत स्काउट जिला कार्यालय भवन स्टेट स्कूल के पास राजनांदगांव में रखा गया था । चुनाव को निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए प्रांत से पर्यवेक्षक के रूप में श्री राजेश चटर्जी जी ,मनीष मिश्रा जी एवं विजय लहरे जी उपस्थित हुए। पर्यवेक्षकों द्वारा विधिवत्त निर्वाचन प्रक्रिया का पालन करते वह जिला संयोजक के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए । 33 जिला अध्यक्षों की उपस्थिति में सभी की सर्वसम्मति से सतीश ब्यौहरे जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा राजनांदगांव को निर्विरोध जिला संयोजक चुना गया। पर्यवेक्षकों के द्वारा श्री ब्यौहरे को जिला संयोजक का नियुक्ति प्रमाण पत्र दिया गया।

इस तरह सतीश ब्यौहरे फेडरेशन के दूसरी बार जिला संयोजक नियुक्त हुए । उल्लेखनीय है कि श्री ब्यौहरे के पूर्व कार्यकाल में किए गए कार्यों, नेतृत्व क्षमता और संघटनात्मक सक्रियता की सराहना करते हुए उन्हें दोबारा जिला संयोजक की जिम्मेदारी सौंपने का सुझाव दिया गया। सभी 33 जिला अध्यक्षों की सहमति के बाद उनके नाम पर मुहर लगाई गई। निर्वाचन प्रक्रिया सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। उपस्थित पदाधिकारी ने श्री ब्यौहरे को



बधाई देते हुए विश्वास जताया है कि कर्मचारियों अधिकारियों की समस्याओं लंबित मांगों और अधिकारों के संरक्षण के लिए एकजुट होकर कार्य करेंगे। नवनिर्वाचित जिला संयोजक श्री ब्यौहरे ने सभी संगठनों एवं पदाधिकारी का प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रांतीय नेतृत्व के कमल वर्मा ,पर्यवेक्षक राजेश चटर्जी, मनीष मिश्रा एवं विजय लहरे के मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद स्थापित 1 इसके पूर्व राजेश चटर्जी ने संबोधित करते हुए कहा है कि आने वाले समय में हमें 3% महंगाई भत्ता सहित अन्य लंबित मांगों के लिए एकजुट होकर सरकार से अपनी मांग रखेंगे सरकार यदि हमारी मांगों को गंभीरता पूर्वक विचार नहीं करती है तो आने वाले समय में फेडरेशन आंदोलन हेतु बाध्य होगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन की होगी। मनीष मिश्रा एवं विजय लहरे ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर डॉक्टर के एल टांडेकर , पी आर झाड़े,संतोष चौहान, संजय सिंह, संजय तिवारी, वीरेंद्र रंगारी , पुष्पेंद्र साहू,उत्तम डड़सेना ,कौशल शर्मा,दिलीप बारले, महेश्वर प्रसाद साहू, अरुण देवांगन, बृजभान सिन्हा,परदेसी राम साहू, हरिश्चंद्र यादव, जी आर देवांगन,एन एल देवांगन बहोरन सिंह पाल, चंदन, राजेश साहू , निलेश रामटेक ,डैनी राम वर्मा, सुदेश यादव, सी एल चंद्रवंशी, पंचारी, प्रशांत सुखदेवे, भूपेंद्र गणवीर, रमेश कुमार साहू, संतोष देवांगन, विनोद टांडेकर, संतोष देशमुख, उपेंद्र रामटेके, महेश साहू, एस के ओझा, क्रांति साहू, दुबे जी, भीषम ठाकुर, डी एल चौधरी, डुमन लाल साहू ,मनीष साहू, सुदेश टेम्भुरकर, कृत लाल साहू, दीपक वैष्णव, माधो सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पी आर झाड़े, जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने किया।

इंडिया ए और न्यूजीलैंड ए के बीच दूसरा अनाधिकारिक टेस्ट ड्रॉ



क्राइस्टचर्च (एजेंसी)। भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल फॉर्म में लौट आए हैं। न्यूजीलैंड ए के खिलाफ दूसरे अनाधिकारिक टेस्ट की दूसरी पारी में दमदार शतक लगाते हुए जायसवाल ने न सिर्फ फॉर्म में वापसी की, बल्कि मैच को ड्रॉ कराने में अहम भूमिका निभाई। पिछली तीन पारियों में बेहद निराशाजनक प्रदर्शन करने वाले जायसवाल इस पारी में आक्रामक नजर आए। बाएं हाथ के इस सलामी बल्लेबाज ने मात्र 162 गेंदों पर 5 छक्कों और 15 चौकों की मदद से नाबाद 155 रन की पारी खेली। उन्हें चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए यश राठौड़ का अच्छा साथ मिला। राठौड़ ने भी शतक लगाते हुए 122 गेंदों पर 9 चौकों की मदद से 100 रन बनाए। जायसवाल और राठौड़ के बीच नाबाद 247 रन की साझेदारी हुई। भारत ए ने अपनी दूसरी पारी में 2 विकेट पर 282 रन बनाए थे। टेस्ट के आखिरी दिन (मंगलवार) चाय के समय मैच को ड्रॉ घोषित किया गया।

इंडिया ए ने अपनी पहली पारी में कप्तान ध्रुव जुरेल के 105, देवदत्त पडिक्कल के 80 और आकाशदीप के 68 रन की बदौलत 346 रन बनाए थे।

न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 424 रन बनाकर इंडिया ए पर 78 रन की अहम बढ़त ली थी। दूसरी पारी में इंडिया ए ने जायसवाल और राठौड़ की शतकीय पारियों की बदौलत 52.4 ओवर में 2 विकेट पर 282 रन बनाए और मैच ड्रॉ घोषित किया गया।

दोनों टीमों के बीच खेला गया पहला अनाधिकारिक टेस्ट भी ड्रॉ रहा था। तीसरा अनाधिकारिक टेस्ट 7 नवंबर से खेला जाएगा।

यशस्वी जायसवाल की फॉर्म में वापसी भारतीय टीम के लिए दूसरे अनाधिकारिक टेस्ट की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। जायसवाल को ही न्यूजीलैंड सीनियर टीम के साथ होने वाली 2 टेस्ट मैचों की सीरीज में भारतीय टीम की तरफ से पारी की शुरुआत करनी है। ऐसे में उनके बल्ले से रन न आना टीम इंडिया के लिए चिंता का विषय था।

सेंथिलकुमार ने ग्रेग लोबन को हराकर चेक ओपन का खिताब जीता



ब्रनो (एजेंसी)। भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी वेलावन सेंथिलकुमार ने स्कॉटलैंड के टॉप सीड ग्रेग लोबन को हराकर यूएसडी 35,000 के चेक ओपन का खिताब जीत लिया है। यह एक पीएसए कॉपर-लेवल टूर्नामेंट है। चौथे सीड वाले भारतीय, जो अभी दुनिया में 42वें नंबर पर हैं, ने दुनिया के 31वें नंबर के लोबन को 13-11, 11-5, 8-11, 11-7 से हराकर अपना 12वां पीएसए टूर टाइटल और कॉपर लेवल पर दूसरा टाइटल जीता। सेंथिलकुमार ने अगस्त में बुडापेस्ट ओपन में इस कैटेगरी में अपना पहला टाइटल जीता था। सेंथिलकुमार को ट्रॉफी तक पहुंचने के लिए एक मुश्किल ड्रॉ से निपटना पड़ा, जिसकी शुरुआत ब्राजील के डिएगो गोब्बी पर दूसरे राउंड में जीत से हुई और फिर क्वार्टर फाइनल में अर्जेंटीना के आठवें सीड जेरेमियास अजाना को 11-3, 11-8, 11-7 से हराया।

उन्होंने इस मोमेंटम को आखिरी चार में भी जारी रखा और फ्रांस के ऑगस्टे डूसॉर्ड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय खिलाड़ी ने सेमीफाइनल 11-7, 12-10, 11-1 से जीतकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की कर ली। इस बीच, लोब्बन ने फ्रांस के तौफिक मेखाल्फी पर सीधे गेम में जीत के साथ अपनी आखिरी जगह पक्की कर ली, जिससे टूर्नामेंट के टॉप सीड और चौथे सीड के बीच मुकाबला तय हो गया। फाइनल सेंथिलकुमार के लिए एक कड़ी परीक्षा साबित हुआ, खासकर शुरुआती गेम में, जो आखिर तक चला। भारतीय खिलाड़ी ने हिम्मत बनाए रखते हुए इसे 13-11 से अपने नाम किया और फिर दूसरे गेम में ज्यादा नियंत्रण हासिल करते हुए इसे 11-5 से जीत लिया। लोबन ने वापसी करते हुए तीसरा गेम 11-8 से अपने नाम किया, लेकिन सेंथिलकुमार ने संभलकर मुकाबला 11-7 से जीतकर ट्रॉफी अपने नाम किया।

चेक ओपन की खिताबी जीत से पहले सेंथिलकुमार ने जापान के आइची-नागोया में आयोजित एशियन गेम्स 2026 में शानदार प्रदर्शन किया था और दो ब्रॉन्ज मेडल जीते थे।

न्यूजीलैंड को झटका, डेवोन कॉनवे भारत के खिलाफ पहला वनडे नहीं खेलेंगे

ऑकलैंड (एजेंसी)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच 5 वनडे मैचों की सीरीज बुधवार से शुरू हो रही है। टी20 सीरीज हार चुकी न्यूजीलैंड को पहले वनडे में बड़ा झटका है। अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे इंजरी की वजह से पहले वनडे से बाहर हो गए हैं। कॉनवे मंगलवार को ईडन पार्क में न्यूजीलैंड के प्री-मैच ट्रेनिंग सेशन के दौरान साथी तेज गेंदबाज मैट हेनरी से टकरा गए। हेनरी और कॉनवे की टक्कर कैच लेने की कोशिश में हुई।

दोनों खिलाड़ियों का तुरंत मौके पर मौजूद मेडिकल स्टाफ ने इलाज किया। कॉनवे को कनकशन हुआ है। उनके सिर की चोट की जांच की गई। न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुताबिक, कॉनवे को आगे की जांच के लिए ए एंड ई ले जाया गया, जिसमें कनकशन की पुष्टि हुई, जिससे वह बुधवार को भारत के खिलाफ होने वाले पहले वनडे से बाहर हो गए हैं। दोनों खिलाड़ियों पर नजर रखी जाएगी और भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में उनके शामिल होने पर भी नजर रखी जाएगी।

न्यूजीलैंड के चोटिल खिलाड़ियों की सूची में कॉनवे का नाम सबसे नया है। ऑलराउंडर मार्क चैपमैन और रचिन रवींद्र पहले ही हैमस्ट्रिंग और कंधे की चोट के कारण वनडे सीरीज से बाहर हो चुके हैं।

विकेटकीपर और ओपनर टिम सीफर्ट को पहले दो वनडे मैचों के लिए चुना गया था, लेकिन सोमवार को उन्हें भारत के खिलाफ पूरी वनडे सीरीज के लिए कीवी टीम में शामिल किया गया। कप्तान मिशेल सेंटनर ने इशारा किया कि कॉनवे की अनुपस्थिति में सीफर्ट खेल सकते हैं।

सेंटनर ने मीडिया से बातचीत में कहा, मुझे लगता है कि सीफर्ट हमारी टीम में बैक-अप बल्लेबाज हैं। अगर डेव नहीं खेल पाते हैं तो शायद उनके लिए यह सीधा मौका होगा। हालांकि, कॉनवे वनडे क्रिकेट में बहुत अच्छे हैं।

दाएं हाथ के चार बल्लेबाज टॉप-4 में सेट

अक्षर और केएल का इस्तेमाल मैच की स्थिति के मुताबिक : शुभमन गिल



ऑकलैंड (एजेंसी)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच बुधवार को 5 वनडे मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाएगा। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा है कि बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष-4 में खेलने वाले बल्लेबाज तय हैं और सभी दाहिने हाथ के बल्लेबाज हैं। शुभमन गिल ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमारे टॉप-4 में खेलने वाले बल्लेबाज तय हैं और सभी दाहिने हाथ के बल्लेबाज हैं। इसमें रोहित शर्मा, विराट कोहली और श्रेयस अय्यर और वे खुद शामिल हैं। नंबर 5 और नंबर 6 के बल्लेबाज में बदलाव हो सकता है। केएल राहुल या अक्षर पटेल मैच की स्थिति के मुताबिक 5 या 6 नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। उन्होंने कहा, नंबर 5 और नंबर 6 के लिए हमारी रणनीति लचीली है। हमारे टॉप चार सेट हैं, सभी राइट-हैंडर हैं।

इसलिए अगर लेफ्टी की जरूरत है, तो अक्षर और मैच की स्थिति के आधार पर केएल राहुल आ सकते हैं।

शुभमन गिल ने स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या पर अपनी राय रखते हुए कहा कि भारतीय टीम में लौटने से पहले उन्हें घरेलू क्रिकेट खेलना होगा।


भारतीय कप्तान ने कहा, हार्दिक पंड्या जब वापस आएंगे, तो नंबर 7-8 का भी ध्यान रखा जाएगा। वह एक बेहतरीन ऑलराउंडर हैं। दुनिया में बहुत कम खिलाड़ियों के पास उनके जैसी स्किल है। एक गेंदबाज के तौर पर, आप उन्हें खेल के अलग-अलग हिस्सों में इस्तेमाल कर सकते हैं। वह नई और पुरानी गेंद से गेंदबाजी कर सकते हैं।

उन्होंने कहा, हमारी कई बार बात हुई है। वह अपनी चोटों को लेकर बदकिस्मत हैं। वह आईपीएल के बाद से नहीं खेले हैं। उम्मीद है, वह जल्द ही इंडियन टीम में वापस आएंगे।

वनडे सीरीज में रोहित शर्मा और विराट कोहली की वापसी से इस सीरीज को लेकर दुनियाभर के क्रिकेट फैंस के बीच उत्साह है। वनडे मैचों के टिकट बिक चुके हैं। रोहित और विराट का संभवतः ये आखिरी दौरा है।

व्यापार

सीटीआई ने भैया दूज तक रैलियों और प्रदर्शनों पर रोक लगाने की मांग की



नई दिल्ली (एजेंसी)। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने मंगलवार को दिल्ली पुलिस कमिश्नर को एक पत्र लिखकर मांग की है कि 11 नवंबर को भैया दूज तक दिल्ली में विशेषकर कनॉट प्लेस, जंतर मंतर, रामलीला मैदान, इंडिया गेट, राजघाट, दिल्ली गेट सहित सेंट्रल दिल्ली और पुरानी दिल्ली में किसी भी रैली, धरना प्रदर्शन, प्रोटेस्ट मार्च की अनुमति न दी जाए।

सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल ने कहा कि रैलियों और धरनों की वजह से व्यापारियों को पहले ही काफी आर्थिक नुकसान हो चुका है। अब वे और अधिक व्यवधान झेलने की स्थिति में नहीं हैं, खासकर त्योहारों की खरीदारी के इस पीक सीजन में।

सीटीआई के मुताबिक, 1 अक्टूबर से 1 नवंबर के बीच दिल्ली में व्यवसायों को लगभग 14,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। सीटीआआई का दावा है कि अक्टूबर के पूरे महीने जंतर-मंतर, कनॉट प्लेस, पटेल चौक और जनपथ पर लगातार प्रदर्शन और विरोध मार्च होने के कारण सेंट्रल दिल्ली में हमेशा ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रही। इसके परिणामस्वरूप कनॉट प्लेस, जनपथ, पालिका बाजार, खान मार्केट, करोलबाग, पहाड़गंज और कमला मार्केट में रिटेल व्यवसायों, होटलों, रेस्तरां और ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों को 1 अक्टूबर से 30 अक्टूबर के बीच लगभग 3,000 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है।

व्यापारी संगठन ने दावा किया कि 1 नवंबर को रामलीला मैदान में आयोजित मेगा रैली के कारण कई क्षेत्रों में लगभग 11,000 करोड़ रुपये का कारोबारी नुकसान हुआ। इसमें से खुदरा और थोक व्यापार क्षेत्र को लगभग 8,800 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा।

सीटीआई ने बताया कि रामलीला मैदान के पांच किलोमीटर के दायरे में लगभग तीन लाख दुकानें हैं। इनमें कश्मीरी गेट, मोरी गेट, चांदनी चौक, चावड़ी बाजार, खारी बावली, नया बाजार, सदर बाजार, अजमेरी गेट, दरियागंज, पहाड़गंज, कमला मार्केट, जामा मस्जिद, भागीरथ पैलेस, लाजपत राय मार्केट, किनारी बाजार, दरीबा कलां, बल्लीमारान, फतेहपुरी, तिलक बाजार, कनॉट प्लेस, पालिका बाजार, गफ्फार मार्केट और करोल बाग जैसे प्रमुख व्यावसायिक केंद्र शामिल हैं।

संगठन ने दावा किया कि रैली वाले दिन लगभग 2.5 लाख दुकानें पूरी तरह से बंद रहीं, जिससे करीब 80 प्रतिशत व्यावसायिक गतिविधियां ठप हो गईं।

संगठन के अनुसार, यह रैली साल के सबसे व्यस्त खरीदारी वाले समय में हुई, ठीक धनतेरस (6 नवंबर) और दिवाली (8 नवंबर) से पहले।

संगठन ने यह भी दावा किया कि इस रैली के कारण लगभग 3-4 लाख ग्राहकों के बीच घबराहट फैल गई।

डिज्नी लागत कम करने के उपायों के तहत हजारों कर्मचारियों की छंटनी पर कर रही विचार : रिपोर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी मनोरंजन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी डिज्नी लागत कम करने और परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर कर्मचारियों की छंटनी पर विचार कर रही है। विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कंपनी के कुछ प्रबंधकों को अपने-अपने विभागों में वार्षिक खर्च में 20 प्रतिशत तक कटौती के विकल्प तलाशने के निर्देश दिए गए हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह कदम ऐसे समय उठाया जा रहा है जब कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जोश डी'अमारो मनोरंजन उद्योग के तेजी से बदलते परिदृश्य का सामना कर रहे हैं। उद्योग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का बढ़ता उपयोग, बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन में नरमी, स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा और अंतरराष्ट्रीय थीम पार्कों में आगंतुकों की धीमी वृद्धि जैसी चुनौतियां कंपनी पर दबाव बना रही हैं।

जानकारी के अनुसार, प्रस्तावित पुनर्गठन का असर सभी व्यवसायों पर समान रूप से नहीं पड़ेगा। कुछ इकाइयों में अन्य की तुलना में अधिक कर्मचारी कटौती की जा सकती है। हालांकि संभावित छंटनी की सटीक संख्या अभी तक सामने नहीं आई है।

रिपोर्ट्स में कहा गया है कि लागत बचत से प्राप्त धनराशि का एक हिस्सा कंपनी की रणनीतिक विकास योजनाओं में लगाया जाएगा। इनमें फिल्म और टेलीविजन कंटेंट निर्माण, तकनीकी



विकास, थीम पार्क संचालन तथा डिज्नी के तेजी से विस्तार कर रहे क्रूज व्यवसाय में निवेश शामिल है।

डिज्नी ने इस विषय पर तत्काल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। कंपनी के पास वित्त वर्ष 2025 के अंत तक लगभग 2.31 लाख कर्मचारी थे।

गौरतलब है कि हाल के वर्षों में डिज्नी कई चरणों में कर्मचारियों की संख्या घटा चुकी है। सितंबर में आई रिपोर्टों के अनुसार, कंपनी ने मानव संसाधन और प्रौद्योगिकी विभागों में कई सौ पद समाप्त किए थे। इससे पहले अप्रैल 2026 में भी करीब 1,000 नौकरियों में कटौती की गई थी।

डिज्नी की लागत-कटौती रणनीति पूर्व सीईओ बॉब इगर के कार्यकाल में शुरू हुए बड़े पुनर्गठन कार्यक्रम से जुड़ी है। उस कार्यक्रम के तहत लगभग 7,000 पद समाप्त किए गए थे और 5.5 अरब डॉलर की लागत बचत का लक्ष्य रखा गया था।

मनोरंजन और मीडिया उद्योग में व्यापक स्तर पर भी नौकरी कटौती देखी जा रही है। नेटफ्लिक्स और स्काईडांस जैसी कंपनियां भी बदलती कारोबारी परिस्थितियों और लागत नियंत्रण की रणनीति के तहत कर्मचारियों की संख्या कम कर चुकी हैं।

इसी बीच, अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी अमेजन ने भी अपने डिवाइसेज और सर्विसेज डिवीजन में लगभग 250 कर्मचारियों की छंटनी की है। रिपोर्ट्स के अनुसार, कर्मचारियों को सुबह ईमेल और संदेशों के माध्यम से इसकी सूचना दी गई। कंपनी का कहना है कि यह कदम परिचालन को अधिक कुशल बनाने और संसाधनों को प्राथमिकता वाले उत्पादों पर केंद्रित करने के लिए उठाया गया है।

अंबुजा सीमेंट्स क्षमता में 30 एमटीपीए का करेगा विस्तार; 14,500 करोड़ रुपए होंगे खर्च

अहमदाबाद (एजेंसी)। अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड ने कहा कि उसने विस्तार के अगले चरण की योजना तैयार कर ली है। इसके तहत नए ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड प्रोजेक्ट्स के जरिए प्रमुख बाजारों में सीमेंट उत्पादन क्षमता 30 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) बढ़ाई जाएगी। इसके लिए करीब 14,500 करोड़ रुपए का कुल ग्रोथ कैपेक्स कार्यक्रम प्रस्तावित है।

अदाणी पोर्टफोलियो का हिस्सा और भारत की प्रमुख बिल्डिंग मटेरियल सॉल्यूशन कंपनियों में से एक अंबुजा सीमेंट्स ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत पूर्वी, पश्चिमी और उत्तरी भारत के तेजी से बढ़ते बाजारों में अपनी मैन्युफैक्चरिंग नेटवर्क का विस्तार किया जाएगा। कंपनी के पास फिलहाल देशभर में 24 इंटीग्रेटेड प्लांट और 24 ग्राइंडिंग यूनिट के जरिए 113.5 एमटीपीए की सीमेंट उत्पादन क्षमता है।

अदाणी ग्रुप के सीमेंट कारोबार के सीईओ विनोद बहेटी ने कहा, हमारे विस्तार का अगला चरण विकास की गुणवत्ता और अधिक संतुलित मैन्युफैक्चरिंग नेटवर्क तैयार करने पर केंद्रित है। क्लिंकर और ग्राइंडिंग क्षमता के बीच तालमेल मजबूत करने और तेजी से बढ़ते प्रमुख बाजारों के करीब विस्तार करने से हम अपने नेटवर्क में अधिक लचीलापन ला रहे हैं।

प्रस्तावित विस्तार के बाद वित्त वर्ष 2030 तक कंपनी की सीमेंट उत्पादन क्षमता बढ़कर 155 एमटीपीए हो जाएगी।

बहेटी ने कहा, विस्तार के साथ हमारा ध्यान बाजार तक पहुंच, लॉजिस्टिक्स और लागत दक्षता को एक साथ बेहतर बनाने पर है, ताकि क्षमता में होने वाली हर बढ़ोतरी पूरे कारोबार की प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करे। इन बाजारों में हमारा मजबूत सप्लाई चेन इकोसिस्टम है। साथ ही, ब्रांड इक्विटी और प्रीमियम सीमेंट की हिस्सेदारी भी मजबूत है। हमारा विस्तार मूल्य आधारित रणनीतिक विकास के अनुरूप होगा।

इस विस्तार योजना में पश्चिमी क्लस्टर में 15.5 एमटीपीए, पूर्वी क्लस्टर में 11.6 एमटीपीए और उत्तरी क्लस्टर में 2.9 एमटीपीए की नई ग्राइंडिंग क्षमता शामिल है।

धनतेरस से पहले कीमती धातुओं पर दबाव ! सोना 1 प्रतिशत फिसला; चांदी 5,600 रुपए तक टूटी



नई दिल्ली (एजेंसी)। धनतेरस और दिवाली से पहले सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव का सिलसिला जारी है। सोमवार को आई मामूली रिकवरी ज्यादा देर टिक नहीं पाई और मंगलवार को घरेलू व अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में कीमती धातुओं पर फिर दबाव देखने को मिला। एमसीएक्स पर सोने और चांदी की कीमतों में 1 प्रतिशत से ज्यादा तक की गिरावट दर्ज की गई। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के सख्त रुख, ब्याज दरों के लंबे समय तक ऊंचे बने रहने की संभावना और मजबूत रुपए के चलते सोना-चांदी की कीमतों पर दबाव देखने को मिली।

अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स में मंगलवार को सोना और चांदी दोनों गिरावट के साथ कारोबार करते दिखाई दिए। सोना करीब 1.05 प्रतिशत टूटकर 3,928 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, तो वहीं चांदी 3.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59.25 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करती दिखाई दी।

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी मिड-टर्म चुनावों से पहले निवेशक सतर्क हैं और फिलहाल बाजार में जोखिम लेने की इच्छा सीमित बनी हुई है। यही वजह है कि सोमवार की रिकवरी के बाद भी भारी खरीदारी देखने को नहीं मिली।

अंतरराष्ट्रीय कमजोरी का असर भारतीय बाजार पर भी साफ दिखाई दिया। घरेलू बाजार में सोना करीब 1 प्रतिशत गिरकर 1.39 लाख प्रति 10 ग्राम के नीचे आ गया, जबकि चांदी का भाव करीब 3 प्रतिशत फिसलकर 1.78 लाख प्रति किलोग्राम के करीब आ गया।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर दिसंबर डिलीवरी वाला सोना अपने पिछले बंद भाव 1,40,186 रुपए से 766 रुपए या 0.54 प्रतिशत गिरकर 1,39,420 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला, जबकि दिन के कारोबार में एक समय यह 1,508 रुपए यानी 1.07 प्रतिशत गिरकर 1,38,678 रुपए प्रति 10 ग्राम के दिन के निचले स्तर पर आ गया।

वहीं, दिसंबर डिलीवरी वाली चांदी अपने पिछले बंद 1,83,779 रुपए से 892 रुपए या 0.48 प्रतिशत फिसलकर 1,82,887 रुपए प्रति किलोग्राम पर खुली, वहीं दिन के कारोबार में एक समय यह 5,667 रुपए यानी 3.08 प्रतिशत टूटकर 1,78,112 रुपए प्रति किलोग्राम के दिन के निचले स्तर पर पहुंच गया।

बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में नरमी और डॉलर में कमजोरी सामान्य रूप से सोने को समर्थन देती है, लेकिन फेडरल रिजर्व के सख्त रुख और ऊंची ब्याज दरों की आशंका ने कीमती धातुओं पर दबाव बनाए रखा है। वहीं पश्चिम एशिया में जारी तनाव और ऊंचे कच्चे तेल के दाम महंगाई संबंधी चिंताओं को बढ़ा रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि फिलहाल सोने और चांदी की दिशा अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीति और महंगाई के आंकड़ों पर निर्भर करेगी।

'सशक्त नारी, युवा उड़ान' की थीम पर मनाया गया छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस

जांजगीर में जिला स्तरीय राज्योत्सव में दिखी छत्तीसगढ़ की 26 वर्षों की गौरवमयी विकास यात्रा

रायपुर ■ दैनन्दिनी



छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर शासकीय हाई स्कूल मैदान, जांजगीर में जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन किया गया। 'सशक्त नारी, युवा उड़ान' थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक श्री धरमलाल कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। राज्योत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों पर आधारित आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका अतिथियों ने अवलोकन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक श्री धरमलाल कौशिक ने प्रदेशवासियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी को स्मरण करते हुए कहा कि उनके दृढ़ संकल्प और दूरदर्शी नेतृत्व के कारण 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण हुआ। उन्होंने छत्तीसगढ़ की जनता को एक अलग पहचान और नई विकास यात्रा का अवसर प्रदान किया। श्री कौशिक ने कहा कि अटल जी के योगदान को प्रदेश की जनता सदैव याद रखेगी।

विधायक श्री कौशिक ने राज्य निर्माण के शुरुआती दिनों का स्मरण करते हुए कहा कि उस समय संसाधनों की कमी, खाद्यान्न संकट, बिजली की समस्या और रोजगार के लिए पलायन जैसी अनेक चुनौतियां थीं। आज वही छत्तीसगढ़ कृषि उत्पादन, अधोसंरचना, उद्योग और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। प्रदेश के किसानों की मेहनत से छत्तीसगढ़ देश के धान उत्पादन और खाद्यान्न आपूर्ति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश में विकास कार्यों को नई गति मिली है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाखों परिवारों के पक्के मकान का सपना साकार हो रहा है। महतारी वंदन योजना से महिलाओं को आर्थिक संबल मिल रहा है। उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत और निःशुल्क खाद्यान्न जैसी योजनाएं आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी का लाभ दिया जा रहा है, जिससे अन्नदाताओं की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है।

विधायक श्री कौशिक ने कहा कि प्रदेश में सड़कों, बिजली, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हुआ है। बेहतर सड़क संपर्क से यात्रा का समय कम हुआ है और औद्योगिक विकास को गति मिली है। जांजगीर-चांपा जिले की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह जिला कृषि प्रधान होने के साथ-साथ अपनी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत के लिए भी जाना जाता है। महानदी सहित जिले की प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक धरोहर इसकी विशिष्ट पहचान है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 का लक्ष्य तभी साकार होगा, जब छत्तीसगढ़ विकसित होगा और जिले भी विकास की नई ऊंचाइयों को छुएंगे। श्री कौशिक ने कहा कि छत्तीसगढ़ को खुशहाल, समृद्ध और देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने के लिए सरकार, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों को मिलकर कार्य करना होगा।

प्रगति और विकास की अद्भुत झलक प्रस्तुत करती विभिन्न विभागों की भव्य प्रदर्शनी

राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए, जिन्होंने सबका मन मोह लिया। अतिथियों ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जनसंपर्क विभाग, महिला एवं बाल विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण, उद्यानिकी, समाज कल्याण, मछली पालन, पुलिस विभाग, आयुष, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा श्रम विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भ्रमण कर अवलोकन किया। इस दौरान अतिथियों ने स्टॉल के माध्यम से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया।

इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री नारायण चंदेल, पूर्व संसदीय सचिव श्री अंबेश जांगड़े, पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले, जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी, नगर पालिका जांजगीर-नैला अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढ़ेवाल, जनप्रतिनिधिगण कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिकजन उपस्थित थे।

प्रेस क्लब में श्रध्दाजंलि सभा का आयोजन



बिलासपुर ■ दैनन्दिनी

बिलासपुर प्रेस क्लब सह सचिव हरिकिशन गंगवानी की माता श्रीमती राजकुमारी हिंदूजा समेत पत्रकार और उनके परिजन के असामायिक निधन पर आज प्रेस क्लब में श्रध्दाजंलि सभा का आयोजन किया गया । शोकसभा की अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष अजीत मिश्रा ने की । वरिष्ठ पत्रकार गणेश विश्वकर्मा का भांजा नितिन विश्वकर्मा , पत्रकार सलीम काजी , दिलीप यादव के पिता गुहरीराम यादव , रमण किरण के भाई वेदुला सुब्रमणियन के असामायिक देहावसान पर मृतात्माओं की शांति को लेकर दो मिनट का मौन धारण कर श्रध्दाजंलि अर्पित की । शोकसभा का संचालन प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष विजय क्रांति तिवारी ने किया । इस अवसर पर पवन सोनी , गणेश विश्वकर्मा ,मोहन मदवानी,ऋतु साहू , राकेश मिश्रा, अतुकांत खरे,रूद्राक्ष गोस्वामी,निर्मल माणिक , विजय दुसेजा , राजेंद्र सिंह ठाकुर , शिव कुमार तिवारी नारायण नोनिया,अमन सिंह,अमित पाटले,के अलावा बड़ी संख्या में पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

4 नवंबर से घरघोड़ा में लगेगा कलेक्टर कैंप, दूरस्थ अंचलों के लोगों को मिलेगी राहत

रायगढ़। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में प्रशासनिक सेवाओं को आम नागरिकों के करीब पहुंचाने के उद्देश्य से कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा नई व्यवस्था शुरू की जा रही है। इसके तहत 4 नवंबर से प्रत्येक बुधवार को घरघोड़ा में कलेक्टर कैंप कोर्ट, जनदर्शन और विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित होगी। कैंप कोर्ट में घरघोड़ा, धरमजयगढ़ और लैलूंगा क्षेत्र के प्रथम एवं द्वितीय अपील के राजस्व प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। वहीं जनदर्शन में नागरिक सीधे कलेक्टर के समक्ष अपनी समस्याएं और शिकायतें रख सकेंगे। इस दौरान संबंधित अधिकारियों के साथ विकास कार्यों, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और लंबित प्रकरणों की समीक्षा भी की जाएगी।

कलेक्टर के साथ संबंधित शाखाओं के अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहेंगे। इस व्यवस्था से दूरस्थ अंचलों के लोगों को राजस्व मामलों और अन्य प्रशासनिक कार्यों के लिए जिला मुख्यालय आने की परेशानी से राहत मिलेगी। साथ ही स्थानीय स्तर पर जनसमस्याओं की सुनवाई और शासकीय कार्यों के निराकरण में तेजी आएगी।

नवोदय प्रवेश पत्र में परीक्षा केंद्र के पते की त्रुटि, 28 नवंबर को सहसपुर लोहारा में होगी परीक्षा

अभ्यर्थी पंडातराई के बजाय सहसपुर लोहारा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर पहुंचें, प्राचार्य ने जारी की सूचना

कवर्धा (दैनंदिनी ब्यूरो)। जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2027 के प्रवेश पत्र में परीक्षा केंद्र के पते में हुई मुद्रण संबंधी त्रुटि के कारण अभ्यर्थियों और अभिभावकों को भ्रमित होने की आवश्यकता नहीं है। परीक्षा केंद्र कोड 25160405 के लिए निर्धारित वास्तविक परीक्षा केंद्र सरस्वती शिशु मंदिर, सहसपुर लोहारा, जिला कबीरधाम (छत्तीसगढ़) है। यहां 28 नवंबर 2026 को परीक्षा आयोजित की जाएगी।

इस संबंध में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, उड़ियाकला के प्राचार्य श्री एन.के. लांजेवार ने अभ्यर्थियों एवं अभिभावकों के लिए आवश्यक सूचना जारी की है। उन्होंने बताया कि चयन परीक्षा के प्रवेश पत्र में परीक्षा केंद्र कोड 25160405 के सामने केंद्र का पता त्रुटिवश 'सरस्वती शिशु मंदिर, पंडातराई, सहसपुर लोहारा' अंकित हो गया है, जबकि परीक्षा केंद्र का सही पता 'सरस्वती शिशु मंदिर, सहसपुर लोहारा, जिला कबीरधाम (छत्तीसगढ़)' है।

प्राचार्य ने स्पष्ट किया है कि उक्त परीक्षा केंद्र विकासखंड सहसपुर लोहारा में स्थित है, न कि पंडरिया विकासखंड में। इसलिए परीक्षा केंद्र कोड 25160405 आवंटित सभी अभ्यर्थी प्रवेश पत्र में अंकित गलत पते से भ्रमित न हों और निर्धारित तिथि 28 नवंबर 2026 को परीक्षा देने के लिए सरस्वती शिशु मंदिर, सहसपुर लोहारा में ही पहुंचें।

उन्होंने अभ्यर्थियों एवं अभिभावकों से अपील की है कि प्रवेश पत्र में हुई इस मुद्रण त्रुटि को ध्यान में रखते हुए सही परीक्षा केंद्र की जानकारी सुनिश्चित कर लें, ताकि परीक्षा के दिन किसी प्रकार की असुविधा या अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

छत्तीसगढ़ में 12 नवंबर से 'स्टेयरिंग छोड़ो आंदोलन

ड्राइवर आयोग और 20 लाख बीमा समेत 5 सूत्रीय मांगों पर आर-पार की लड़ाई

बिलासपुर ■ दैनन्दिनी



अपने अधिकारों, सुरक्षा और सामाजिक सम्मान की लड़ाई को लेकर ऑल इंडिया ड्राइवर ज्वाइंट कमेटी एवं छत्तीसगढ़ ड्राइवर महा संगठन ने एक बड़ा कदम उठाया है। संगठन ने आगामी 12 नवंबर 2026 से देशभर में अनिश्चितकालीन 'स्टेयरिंग छोड़ो आंदोलन' शुरू करने का अधिकारिक ऐलान किया है। संगठन ने देश और प्रदेश के सभी ड्राइवरों से अपनी गाड़ियां खड़ी कर इस आंदोलन को समर्थन देने और एकजुट होने का आह्वान किया है।बिलासपुर प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता के दौरान संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि ड्राइवर लंबे समय से अपनी मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा और सम्मान से जुड़ी वाजिब मांगों को लेकर प्रयासरत हैं, लेकिन शासन-प्रशासन द्वारा अब तक कोई उचित कदम नहीं उठाया गया है। इसी अनदेखी के विरोध में अब आर-पार के आंदोलन का निर्णय लिया गया है।

ड्राइवर महासंगठन की 5 प्रमुख मांगें:

ड्राइवर आयोग एवं कल्याण बोर्ड का गठनः ड्राइवरों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए स्वतंत्र ड्राइवर आयोग और ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड बनाया जाए। 20 लाख का बीमा व पेंशन– प्रत्येक ड्राइवर को 20 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा और 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर सम्मानजनक पेंशन सुविधा दी जाए। दुर्घटनाओं पर सैनिक जैसा सम्मानः सड़क दुर्घटना के मामलों में ड्राइवरों को अपराधी मानने के बजाय उन्हें देश के सैनिक के समान सम्मान और निष्पक्ष न्याय दिया जाए। राष्ट्रीय ड्राइवर दिवस पर शासकीय अवकाशः 1 सितंबर को 'राष्ट्रीय ड्राइवर दिवस' के रूप में मान्यता देते हुए इस दिन सरकारी अवकाश घोषित किया जाए।

'अबकी बार आर-पार, ड्राइवर एकता जिंदाबाद'

संगठन ने अपील जारी करते हुए कहा है कि 12 नवंबर से सभी ड्राइवर भाई अपनी गाड़ियां खड़ी कर शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन का समर्थन करें और जब तक सरकार मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लेती, तब तक स्टेयरिंग न थामें। आंदोलन से जुड़ने एवं अधिक जानकारी के लिए संगठन ने आधिकारिक मोबाइल नंबर 8085401673, 7225997263 और 7222962010 जारी किए हैं।

जीपीएम में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव में दिखी विकास और सुशासन की शानदार तस्वीर, विभागीय प्रदर्शनियां बनीं आकर्षण का केंद्र

रायपुर ■ दैनन्दिनी



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 26वीं वर्षगांठ के अवसर पर गुरुकुल खेल मैदान, पेंड्रारोड में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों की आकर्षक झलक देखने को मिली। राज्योत्सव परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा, जनहितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा आम नागरिकों के जीवन में आ रहे सकारात्मक बदलावों को प्रदर्शित किया गया। विभागीय प्रदर्शनियां राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनीं।

समारोह के मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक श्री धर्मजीत सिंह एवं विशिष्ट अतिथियों ने विभिन्न विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन, उपलब्धियों तथा आम जनता को मिल रहे लाभों की जानकारी प्राप्त की। राज्योत्सव में प्रदर्शित योजनाओं और विकास कार्यों के माध्यम से नागरिकों को शासन की विभिन्न पहलों से परिचित होने का अवसर मिला।

राज्योत्सव में जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई आकर्षक फोटो प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। मुख्य अतिथि श्री धर्मजीत सिंह एवं विशिष्ट अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका 'जनमन' का अवलोकन किया तथा इसकी सराहना की।

फोटो प्रदर्शनी में महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, कृषक उन्नति योजना से किसानों की आर्थिक समृद्धि, प्रधानमंत्री आवास योजना से जरूरतमंद परिवारों के पक्के आवास के सपने को साकार करने तथा तेंदूपत्ता संग्रहण दर और बोनस से वनांचल के परिवारों को मिल रहे आर्थिक लाभों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया।

इसके साथ ही श्री रामलला दर्शन योजना के माध्यम से श्रद्धालुओं को धार्मिक यात्रा की सुविधा, घर-घर निर्मल जल अभियान से स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, इन्वेस्ट छत्तीसगढ़ के माध्यम से औद्योगिक निवेश और रोजगार की संभावनाओं, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना तथा युवा कल्याण से संबंधित उपलब्धियों को भी चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। प्रदर्शनी ने प्रदेश में विकास और जनकल्याण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की व्यापक तस्वीर प्रस्तुत की।

कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में विभिन्न फसलों का प्रदर्शन करने के साथ ही जैविक खेती के महत्व और इसके लाभों की जानकारी दी गई। प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को उन्नत कृषि पद्धतियों, फसल विविधीकरण और टिकाऊ खेती के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया।

उद्यानिकी विभाग ने विभिन्न उद्यानिकी फसलों के साथ ऑयल पाम की खेती के फायदे प्रदर्शित किए। विभागीय स्टॉल में किसानों की आय बढ़ाने के लिए उद्यानिकी आधारित खेती की संभावनाओं को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में आदर्श आंगनबाड़ी केंद्रों की गतिविधियों तथा महतारी वंदन योजना की जानकारी प्रदर्शित की गई। इसके माध्यम से महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, मातृ एवं शिशु कल्याण तथा पोषण संबंधी गतिविधियों को सामने लाया गया।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के स्टॉल में स्वसहायता समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित हस्तशिल्प उत्पादों एवं खाद्य सामग्रियों का प्रदर्शन किया गया। स्थानीय महिलाओं के कौशल, परिश्रम और आत्मनिर्भरता की झलक इन उत्पादों में दिखाई दी। स्वसहायता समूहों की गतिविधियों ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और महिलाओं के लिए आजीविका के अवसर विकसित करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को रेखांकित किया।

जनजातीय क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए 90 घंटे के 'कम्युनिकेटिव इंग्लिश कोर्स' का शुभारंभ





गरियाबंद (दैनंदिनी ब्यूरो)। उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार शासकीय वीर सुरेंद्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गरियाबंद में जनजातीय क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए 90 घंटे के कम्युनिकेटिव इंग्लिश कोर्स (CEC – Communicative English Course) का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.के. तलवरे के करकमलों से माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर नवीन कन्या महाविद्यालय, गरियाबंद के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जी.एस. दास विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के संयोजक श्रीमती दीपशिखा टोप्पो सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी) ने विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य से अवगत कराया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर के तलवरे ने बताया कि इस पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा के प्रति झिझक को दूर करना, आत्मविश्वास विकसित करना तथा संप्रेषण कौशल को बेहतर बनाना है।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. जी.एस. दास ने कहा कि वर्तमान समय में रोजगार एवं भविष्य की प्रतिस्पर्धात्मक चुनौतियों का सामना करने के लिए अंग्रेजी भाषा का ज्ञान एवं संप्रेषण कौशल अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों को इस पाठ्यक्रम का अधिकतम लाभ उठाने तथा नियमित रूप से कक्षाओं में सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने यह भी संदेश दिया कि अंग्रेजी सीखने का अर्थ अपनी मातृभाषा अथवा स्थानीय भाषा को छोड़ना नहीं है, बल्कि अपनी भाषा और संस्कृति का सम्मान करते हुए एक नई भाषा एवं कौशल को आत्मसात करना है। यह 90 घंटे का प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों के भाषा ज्ञान, आत्मविश्वास एवं व्यक्तित्व विकास को सुदृढ़ करने के साथ-साथ उन्हें उच्च शिक्षा एवं रोजगार के बेहतर अवसरों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस अवसर पर डॉ. नीलाम्बर पटेल, डॉ. खुशी देवांगन, भेषण लाल, भावेश कुमार सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।



राज्योत्सव में महिला सशक्तिकरण और सुपोषित बचपन की झलक

महतारी वंदन योजना, महिला समूहों के उत्पाद और सखी वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं की दी जा रही जानकारी

रायपुर ■ दैनन्दिनी

छत्तीसगढ़ राज्य के 26वें स्थापना दिवस के अवसर पर नवा रायपुर स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व्यापार परिसर में आयोजित राज्योत्सव में महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। 'सशक्त नारी, युवा उड़ान' थीम पर आधारित प्रदर्शनी में महिला सशक्तिकरण, बाल पोषण, स्वस्थ मातृत्व, महिला सुरक्षा और आजीविका से जुड़े प्रयासों को प्रस्तुत किया गया है। प्रदर्शनी में रेडी-टू-ईट फूड मशीन विशेष आकर्षण बनी हुई है। आगंतुकों को मशीन के माध्यम से पोषण आहार तैयार करने की प्रक्रिया और आधुनिक तकनीक की जानकारी दी जा रही है। बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं के पोषण स्तर में सुधार के लिए पौष्टिक आहार की नियमित उपलब्धता के महत्व को भी बताया जा रहा है। विभागीय स्टॉल में महतारी वंदन योजना की जानकारी दी जा रही है। योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसके साथ ही महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार बांस शिल्प, अचार-पापड़ और अन्य घरेलू उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। ये उत्पाद महिलाओं के हुनर, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की संभावनाओं को दर्शाते हैं। प्रदर्शनी में सखी वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से संकटग्रस्त महिलाओं को उपलब्ध सहायता और सुविधाओं की जानकारी भी दी जा रही है। आंगनबाड़ी केंद्रों, पोषण अभियान तथा मातृ-शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं को भी प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया है। विभाग की यह प्रदर्शनी महिला सुरक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण और सुपोषित बचपन के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दे रही है।





मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी ने सौजन्य मुलाकात की।

सूने मकान से चोरी

रायपुर। राजधानी रायपुर में सूने मकान को निशाना बनाकर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया है। खमतराई थाना क्षेत्र के रावांभाठा स्थित बंजारी नगर में अज्ञात चोरों ने इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबारी के घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये की नकदी और सोने-चांदी के जेवरात पार कर दिए। परिवार के साथ पैतृक गांव गए कारोबारी जब वापस लौटा तो घर का ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। शिकायत के बाद खमतराई पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला रावांभाठा के बंजारी नगर स्थित शुक्रवारी बाजार का है। यहां रहने वाले सीताराम गुप्ता के मकान के भूतल पर 'केशरवानी इलेक्ट्रॉनिक्स' नाम से दुकान संचालित होती है। दुकान में कूलर, आलमारी समेत इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू सामान की बिक्री की जाती है। जानकारी के मुताबिक, सीताराम गुप्ता 19 अक्टूबर की दोपहर मकान में ताला लगाकर परिवार के साथ अपने पैतृक गांव खटखरी, थाना शाहपुर, जिला मऊगंज/रीवा (मध्य प्रदेश) नवरात्रि मनाने गए थे। 2 नवंबर को दोपहर करीब 2 बजे जब परिवार वापस लौटा तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखने पर कमरे में रखी आलमारी का लॉक भी टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था।

लंबित कार्यों का प्राथमिकता से निराकरण कर समय-सीमा में पूर्ण कराएं :मुकेश कुमार

रायपुर ■ दैनन्दिनी

लोक निर्माण विभाग के सचिव श्री मुकेश कुमार की अध्यक्षता में आज मंत्रालय महानदी भवन में विभाग के उच्च अधिकारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सचिव श्री कुमार ने विभिन्न कार्यों की प्रगति एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय कार्यों में आ रहे गैप को कम करते हुए लंबित कार्यों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। सचिव ने कहा कि प्रत्येक कार्य में स्पष्टता, तार्किक दृष्टिकोण और जवाबदेही के साथ आगे बढ़ा जाए तथा विभाग के समग्र उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण एवं क्रिटिकल कार्यों को विशेष प्राथमिकता दी जाए।

गुणवत्ता और टीमवर्क पर जोर

सचिव श्री मुकेश कुमार ने मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा शासकीय राशि का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यों का परीक्षण पूरी गंभीरता से करने और जहां आवश्यक हो वहां सप्लीमेंट्री एवं रिवाइज्ड कार्यों का औचित्य के आधार पर परीक्षण कर निर्णय लेने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य की समय-सीमा निर्धारित होनी चाहिए और अधिकारी स्वयं सक्रियता से प्रगति की निगरानी करें। सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी से संबंधित लंबित प्रकरणों का भी प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। सचिव लोक निर्माण विभाग ने विभागीय कार्यप्रणाली को अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने के लिए एक निर्धारित फ्रेमवर्क के तहत कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि टीम भावना, स्वामित्व की भावना और तार्किक सोच के साथ काम करने से कार्यों में गति आएगी। अधिकारियों को सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रकरणों का संवेदनशीलता एवं तत्परता से निराकरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि फील्ड स्तर पर अधिकारियों को आवश्यक सहयोग देने तथा कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सब इंजीनियरों की कम से कम एक सप्ताह की प्रशिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय और टीमवर्क के साथ कार्य करने तथा लंबित प्रकरणों को समाप्त करने की इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ने को कहा।

ठेकेदारों के बिलों और पुराने टेंडरों की समीक्षा के निर्देश

सचिव लोक निर्माण विभाग ने कहा कि लंबित कार्यों को अनावश्यक रूप से आगे न बढ़ाया जाए, बल्कि उनकी सूची तैयार कर समयबद्ध तरीके से निराकरण किया जाए। ठेकेदारों के लंबित बिलों का परीक्षण कर पात्रतानुसार भुगतान की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए, जिन कार्यों में भौतिक प्रगति पूरी हो चुकी है, उनके वित्तीय भुगतान की स्थिति भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पुराने लंबित प्रकरणों के निराकरण के साथ 31 मार्च 2026 से पूर्व जारी टेंडर से संबंधित कार्यों की स्थिति की समीक्षा कर सूची तैयार करने तथा प्रत्येक प्रकरण को तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाने के निर्देश दिए। कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का समन्वित आकलन करते हुए जिम्मेदारी भी तय की जाए।



कृषि विभाग के स्टॉल में हरियाली का खूबसूरत नजारा



रायपुर ■ दैनन्दिनी

नवा रायपुर में राज्योत्सव 2026 के तीन दिवसीय आयोजन में कृषि विभाग के स्टॉल में प्राकृतिक हरीतिमा की बहार चारो-तरफ फैली हुई है। वहीं खेती-किसानी, मत्स्य पालन, जल प्रबंधन, जैव विविधता का बेहतरीन प्रस्तुतीकरण देखते ही बनता है। खेती से जुड़े उत्पादों खासतौर पर बीज और खाद्य पदार्थों को लेकर लोगों में जबरजस्त उत्साह दिखाई दिया। कृषि से जुड़ी योजनाओं के साथ ही उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन, कुक्कुटपालन और अन्य आजीविका मूलक गतिविधियों, प्राकृतिक अनुकूलता भूजल स्तर के संबंध में भी कृषि विभाग के स्टॉल में जानकारी दी जा रही है। परंपरागत धान की खेती के साथ वैकल्पिक एवं अधिक लाभकारी फसलों की ओर बढ़ने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों को भी बखूबी रेखांकित किया गया है।

कृषि विभाग के स्टॉल में प्रवेश करते ही लोगों के चेहरों पर सुकून का एहसास साफतौर पर दिखाई देता है। शीतल वातावरण में चारो तरफ हरियाली ग्रामीण परिवेश का नजारा प्रस्तुत कर रही है। यहां पहुँच रहे लोग सब्जी-भाजी, फूल, पेड़-पौधों और खेती-किसानी से लेकर पशुधन विकास के कार्यों के संबंध में जानकारी लेते हुए दिखाई दिए। थोड़ा आगे बढ़ते ही एक छोटे से स्टाल में लोगों की भीड़ दिखाई देती है। यहां कामधेनु विश्वविद्यालय की खास बात यह है कि पूरे पंडाल में लोग अपनी-अपनी जरूरतों के हिसाब से शहद से लेकर अन्य खाद्य पदार्थों की खरीदी भी कर रहे हैं। खेती-किसानी के नवीनतम कृषि यंत्रों के संबंध में जनमानस जानकारी ले रहे हैं। यहाँ बेलर, स्ट्रॉ चॉपर, कंबाइन हार्वेस्टर, पैडी ट्रांसप्लांटर, रीपर एवं अन्य कृषि यंत्र उपलब्ध थे। शासन द्वारा कृषि यंत्रों को खरीदने के लिए किसानों को दिए जाने वाले अनुदान के संबंध में भी बताया जा रहा है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को अधिक लाभकारी बनाने के लिए फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित कर रही है। राज्य शासन की मंशा है कि किसान परंपरागत खेती के साथ स्थानीय जलवायु, मिट्टी और बाजार की



रबड़ी के बारे में जानकारी लेते हुए लोग उसकी मिठास का भी लुत्फ उठा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ बस्तर कैफे की सुगंध भी लोगों को आकर्षित करती है।

मांग के अनुरूप लाभकारी फसलों को अपनाएं, जिससे कृषि उत्पादन में विविधता आने के साथ उनकी आय में भी वृद्धि हो सके।

बीएसपी टाउनशिप के 4 हजार परिवारों को किराए में राहत

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर बीएसपी प्रबंधन का निर्णय, रिटेंशन और थर्ड पार्टी आवासों का किराया अब 6 रुपए प्रति वर्गफीट

रायपुर ■ दैनन्दिनी

भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) की टाउनशिप में रहने वाले हजारों परिवारों को आवास किराए में बड़ी राहत मिली है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर बीएसपी प्रबंधन ने रिटेंशन और थर्ड पार्टी श्रेणी के आवासों का किराया घटाकर 6 रुपए प्रति वर्गफीट प्रतिमाह कर दिया है। इस फैसले से लगभग 3,946 आवासधारियों को लाभ मिलने का अनुमान है। इनमें 1,158 रिटेंशन और 2,788 थर्ड पार्टी श्रेणी के आवास शामिल हैं। मुख्यमंत्री निवास में मंगलवार को भिलाई स्टील प्लांट सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ और थर्ड पार्टी कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर राहत के लिए आभार जताया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री गजेंद्र यादव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय, विधायक ललित चंद्राकर और रिकेश सेन सहित दुर्ग-भिलाई के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में आवास किराए में वृद्धि से प्रभावित परिवारों की समस्या पर चर्चा हुई थी। मुख्यमंत्री ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों और अन्य आवासधारियों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए व्यावहारिक समाधान निकालने पर जोर दिया। इसके बाद बीएसपी नगर सेवाएं विभाग ने 2 नवंबर को संशोधित किराया आदेश जारी किया। रिटेंशन श्रेणी में पहले किराया 24 रुपए प्रति वर्गफीट था, जिसे घटाकर 6 रुपए कर दिया गया है। इससे 75 प्रतिशत राहत मिलेगी। 500 वर्गफीट के मकान का किराया 12 हजार रुपए से घटकर 3 हजार रुपए हो जाएगा। यानी हर महीने 9 हजार और सालाना 1 लाख 8 हजार रुपए की बचत होगी। वहीं थर्ड पार्टी आवासों का किराया 8 रुपए से घटाकर 6 रुपए किया गया है, जिससे 25 प्रतिशत राहत मिलेगी। संशोधित आदेश में पूर्व प्रभाव से किराए की पुनर्गणना का प्रावधान भी किया गया है। पहले अधिक दर पर किराया जमा करने वाले आवासधारियों की अतिरिक्त राशि का समायोजन विभागीय निर्देशों के अनुसार किया जाएगा। यह व्यवस्था आगामी आदेश तक अंतरिम राहत के रूप में प्रभावी रहेगी।

500 वर्गफीट मकान पर 9 हजार की मासिक बचत

रिटेंशन श्रेणी में 500 वर्गफीट आवास का किराया पहले 12 हजार रुपए प्रतिमाह था। नई दर लागू होने पर यह 3 हजार रुपए रह जाएगा। इससे संबंधित परिवार को हर महीने 9 हजार और सालभर में 1 लाख 8 हजार रुपए की बचत होगी।

3,946 आवासधारियों को मिलेगा लाभ


संशोधित किराया व्यवस्था से रिटेंशन श्रेणी के 1,158 और थर्ड पार्टी श्रेणी के 2,788 आवासधारी लाभान्वित होंगे। दोनों श्रेणियों में किराया 6 रुपए प्रति वर्गफीट निर्धारित होने से दरों में एकरूपता आएगी और सेवानिवृत्त कर्मचारियों सहित अन्य परिवारों का आर्थिक बोझ कम होगा।

सौरभ चंद्राकर के समर्थन में उतरे अमित जोगी !

रायपुर ■ दैनन्दिनी

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के अध्यक्ष अमित जोगी इन दिनों सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट को लेकर चर्चा में हैं। ऐसे में अब उन्होंने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप मामले के मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर के समर्थन में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर पोस्ट करते हुए एक वीडियो भी शेयर किया है। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा है, 'मैं सौरभ चंद्राकर का फैन क्यों हूं?'अमित जोगी ने अपनी पोस्ट में लिखा, "दोस्तों, मैं खुलकर कह रहा हूं—मैं सौरभ चंद्राकर का फैन और आपको भी होना चाहिए। हम सब कहते हैं- 'सबले बढ़िया छत्तीसगढ़िया, भोला छ त्ती स ग ढ़ि या ', लेकिन अगली लाइन कोई याद नहीं रखता- 'सीधा म सीधा त भोला छत्तीसगढ़िया, नई त डोमी करिया!'हम भोले हैं, इसलिए हम हमेशा लूटे गए हैं। एक जूस बेचने वाला भोला छत्तीसगढ़िया उन लोगों में पहुंच गया, जो राज करते हैं, गुलामी नहीं। आरोप है कि वह टेढ़े रास्ते से पहुंचा- साम, दाम, दंड, भेद से। तो? यही पैमाना तो उन बड़े-बड़ों पर लागू करो, जिन्होंने छत्तीसगढ़ को अडानीगढ़ बना दिया। सौरभ ने उन्हीं को उन्हीं के खेल में हरा दिया। एक छत्तीसगढ़िया, जिसने विक्टिम बनने से मना कर दिया- उससे सीखने को बहुत कुछ है। सोचिए।" बता दें कि ओमान से भारत प्रत्यर्पित किए जाने के बाद CBI ने 2 नवंबर 2026 को सौरभ चंद्राकर को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया था। विशेष न्यायाधीश निखिल चोपड़ा की अदालत में CBI ने उसे दो दिन की ट्रांजिट रिमांड पर देने की मांग की थी। मामले की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की ओर से लंबी बहस हुई।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने कहा कि फिलहाल उसके समक्ष आरोपी की ट्रांजिट रिमांड का सवाल है।



प्रत्यर्पण की शर्तों के तहत आरोपी पर CBI के मामले में मुकदमा चलाया जा सकता है या नहीं, इस पर फैसला रायपुर की संबंधित विशेष अदालत करेगी। अदालत ने सौरभ चंद्राकर की दो दिन की ट्रांजिट रिमांड मंजूर करते हुए उसे 4 नवंबर 2026 तक रायपुर की विशेष CBI अदालत में पेश करने का निर्देश दिया। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रत्यर्पण की शर्तों और मुकदमे की वैधता से जुड़े सवालों पर निर्णय संबंधित ट्रायल कोर्ट को ही करना है।

13 निकायों में दिसंबर में होंगे चुनाव : भाजपा की चुनावी तैयारी तेज

रायपुर ■ दैनन्दिनी

छत्तीसगढ़ में 13 नगरीय निकायों में दिसंबर के अंतिम सप्ताह में चुनाव होगा। भारतीय जनता पार्टी ने अपनी चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। भाजपा कार्यालय में निकाय चुनाव को लेकर आज महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें भाजपा संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने चुनावी रणनीति और संगठन की तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों के साथ चर्चा की। बैठक में चुनाव वाले निकायों के प्रभारी और सहप्रभारी के साथ सभी संबंधित जिलों के जिलाध्यक्ष मौजूद रहे। इसके अलावा प्रदेश सरकार के कई मंत्री और वरिष्ठ नेता भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव और ओपी चौधरी के साथ मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, दयालदास बघेल, राजेश अग्रवाल और टंक राम वर्मा मौजूद रहे। इसके अलावा चुनाव वाले निकायों से संबंधित सांसद और विधायक भी बैठक में शामिल हुए। दिसंबर के अंतिम सप्ताह में प्रस्तावित निकाय चुनाव को देखते हुए भाजपा संगठन ने जमीनी स्तर पर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में चुनावी निकायों में संगठन की स्थिति, स्थानीय समीकरण और चुनावी प्रबंधन को लेकर चर्चा की गई। पार्टी का फोकस निकाय स्तर पर संगठन को सक्रिय करने और चुनाव की रणनीति तैयार करने पर है।



निगम में भी भाजपा की सरकार बनाएंगे : सांसद-बीजेपी की बैठक को लेकर सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा, पंचायत, पार्षद से लेकर पार्लियामेंट तक अंत्योदय का भाव पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। नगर पालिका और नगर निगम में भी भाजपा की सरकार बने, इसके लिए संगठन ने तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बैठक लेकर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी है।

चयन प्रक्रिया के लिए तीन स्तर पर बनेगी समिति-बैठक में मंत्री, विधायक, महापौर और विभिन्न क्षेत्रों के प्रभारी पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में कल से लेकर चुनाव पूर्व तक किए जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। चुनावी मैदान में उतरने से पहले संगठनात्मक तैयारियों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। नए लोगों को जोड़ने और संगठन में नयापन लाने पर भी जोर दिया गया। चयन प्रक्रिया के लिए तीन स्तर पर समितियों का गठन होगा, जिसमें जिला, संभाग और प्रदेश स्तर पर चयन समिति बनेगी।

'अमरजीत सिंहदेव से निपट लें, फिर बयानबाजी करें'-कांग्रेस नेता अमरजीत भगत द्वारा स्मृति ईरानी को गब्बर कहे जाने पर सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा, अमरजीत भगत पहले टीएस सिंहदेव से निपट लें, फिर इस तरह की बयानबाजी करें। हमें अपनी प्रभारी स्मृति ईरानी का लगातार मार्गदर्शन मिल रहा है। स्मृति ईरानी के छत्तीसगढ़ आगमन से प्रदेश में ऊर्जा का संचार हुआ है। स्मृति ईरानी से कांग्रेस भयभीत है, राहुल गांधी तो थर-थर कांपते हैं। स्मृति ईरानी का व्यक्तित्व सरल है, उनका मार्गदर्शन ऊर्जादायी है। उनके अनुभव और मार्गदर्शन से प्रदेश संगठन को दिशा मिल रही है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **ब्रजेश शुक्ला** द्वारा खसरा नं. 317/4, सालासर ग्रीन्स के पीछे, सरोना रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित एवं दैनंदिनी प्रिन्टर्स, सरोना रायपुर से मुद्रित। **संपादक- ब्रजेश शुक्ला,** RNI-CHHHIN/2010/34274, फोन-0771-4059450, ई-मेल-mail2dainandini@gmail.com